


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,शनिवार 9 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-041 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# बंगाल में सुवेंदु युग का शुभारंभ

## पीएम मोदी, नितिन नबीन समेत दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में ली सीएम पद की शपथ

**कोलकाता,9 मई।** बंगाल की राजनीति में आज बड़ा बदलाव हो गया है. बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी राज्य के मुख्यमंत्री बन गए है. सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर में पूर्व सीएम ममता बनर्जी को हराया था. प्रोटोकॉल के हिसाब से ममता बनर्जी को भी समारोह का न्योता भेजा गया था. लेकिन वे शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंची. शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में किया गया. इस समारोह में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद हैं. इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई दिग्गत नेता भी इस शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बन रहे हैं.एक तरफ जहां सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली वहीं दूसरी तरफ बंगाल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष



दिलीप घोष ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. आने वाले समय में वे उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं. दिलीप घोष के अलावा आसलसोल सीट से विधायक बनने वाली अग्निमित्रा पॉल ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. वहीं उत्तर 24 परगना से विधायक अशोक कीर्तनिया ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. रानिबांध से बीजेपी विधायक क्षुदिराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. पेशे से शिक्षक रह चुके क्षुदिराम को बंगाल में आदिवासी समुदाय के बड़े चेहरे के तौर पर देखे जाते हैं. इसके अलावा कूंचबिहार से सांसद रहे निसिथ प्रामाणिक ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. बंगाल के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता के साथ-साथ बड़ी संख्या में साधु-संत भी वहां पहुंचे हैं.एक साधु ने कहा, "अब राम राज्य शुरू हो गया है, इसलिए साधु यहां आए हैं"



पीएम मोदी ने मंच से बंगाल की जनता को दंडवत प्रणाम किया

## रायपुर में महिला इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट

**रायपुर,9 मई।** राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में इस साल सिर्फ आईपीएल ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल टी-20 मैचों का तड़का भी लगने वाला है. बीसीसीआई ने आगमी सीजन के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है. भारतीय सीनियर महिला टीम अक्टूबर महीने में जिम्बाब्वे महिला टीम की मेजबानी करते नजर आने वाली हैं. यह दोनों देशों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी, जिसमें 6 सफेद गेंद के मुकाबले खेले जाएंगे. रायपुर में तीन टी-20 और वडोदरा में तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे. अबतक रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सिर्फ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने ही मैच खेला हैं. यह पहली बार होगा जब महिला क्रिकेट टीम यहां कोई अंतराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी. जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम का यह ऐतिहासिक दौरा होने वाले है, क्योंकि यह उनका पहला भारत दौरा होगा। दोनों देशों की महिला टीमें पहली बार द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेंगी. इससे पहले दोनों टीमों के बीच मुकाबले केवल आईसीसी टूर्नामेंट और क्वालिफायर प्रतियोगिताओं तक सीमित रहे हैं. भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है. आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के मद्देनजर बीसीसीआई महिला क्रिकेट के द्विपक्षीय सीरीज बढ़ा रही है. दरअसल वर्ष 2027 में श्रीलंका में महिला टी20 चैंपियंस ट्रॉफी होने जा रही है. ऐसे में यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

## सीमांकन कार्य में लापरवाही राजस्व निरीक्षक निलंबित

**धमतरी,9 मई।** सीमांकन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में भखारा भठेली के राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार सोनी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीमांकन कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया। मामले में भारी लापरवाही सामने आई। इसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षण को पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और कार्य में सुधार नहीं होने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## चलती कार पर गिरा पेड़

**खैरागढ़,9 मई।** डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग पर शुक्रवार रात एक ऐसा हादसा हुआ, जिसने सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। अमलीडीह खुर्द के पास चलती कार पर अचानक पेड़ की विशाल डाल गिर गई। कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, लेकिन किस्मत अच्छी रही कि चालक की जान बच गई। जानकारी के मुताबिक, स्विफ्ट डिजायर क्रमांक CG 07 BC 8100 में पटवारी दिव्यांश राजपूत अकेले डोंगरगढ़ से खैरागढ़ लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे पुराने टायरों से ओवरलोड ट्रक ने सड़क किनारे खतरनाक तरीके से झुकी पेड़ की डाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भारी डाल सीधे पीछे चल रही कार पर आ गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डाल इतनी भारी थी कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह दब गया। लोगों का कहना है कि यदि पीछे कोई बैठा होता तो यह हादसा मौत में बदल सकता था।

## "जन गण मन" की जगह गॉड इज ग्रेट पढ़ाने वाली महिला हेडमास्टर सस्पेंड

**बलौदा,9 मई।** जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा नगर का एक सरकारी स्कूल इन दिनों पूरे इलाके में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। पीएमश्री शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक लक्ष्मी देवी भारद्वाज पर ऐसे आरोप लगे हैं, जिसने गांव से लेकर शिक्षा विभाग तक हलचल मचा दी है। आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाले छोटे बच्चों को हिन्दू संस्कृति और देवी–देवताओं के खिलाफ भड़काया जा रहा था और उन्हें धर्मांतरण के लिए प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी। ग्रामीणों का दावा है कि स्कूल की प्रार्थना सभा में बच्चों को राष्ट्रगान "जन गण मन" के बजाय "गॉड इज ग्रेट" जैसे धार्मिक वाक्य सिखाए जा रहे थे। जैसे–जैसे यह बात गांव में फैली, लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि सरकारी स्कूल में आखिर बच्चों को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों और हिन्दू संगठनों का आरोप है कि इस पूरे मामले की शिकायत लंबे समय से शिक्षा विभाग में की जा रही थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाए बैठे रहे। यही वजह रही कि इलाके में आक्रोश लगातार बढ़ता गया। मामला तब अचानक तूल पकड़ गया जब 7 मई को ग्राम भिलाई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों और हिन्दू संगठनों ने खुलकर इस मुद्दे को उठाया। शिविर में जैसे ही स्कूल और धर्मांतरण के आरोपों की चर्चा हुई, शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी कर दिया। स्थिति को संवेदनशील मानते हुए थाना बलौदा में भी कार्रवाई दर्ज की गई। लोक शांति भंग होने की आशंका पर बीएनएसएस की धारा 126 और 135(3) के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

## लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि नये सीडीएस

**नई दिल्ली,9 मई।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि पीवीएसएम,एवीएसएम,एसएम, वीएसएम (रिटायर्ड) को अगला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अपॉइंट किया है. वह डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स के सेक्रेटरी के तौर पर भी काम करेंगे. राजा सुब्रमणि 30 मई 2026 को जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल पूरा होने के बाद पद संभालेंगे. चार दशकों से ज़्यादा की शानदार सर्विस वाले एक बहुत सम्मानित ऑफिसर, लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि अभी सितंबर 2025 से नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट में मिलिट्री एडवाइजर के तौर पर काम कर रहे हैं. उन्होंने पहले आर्मी स्टाफ के वाइस चीफ और सेंट्रल कमांड के GOC-in-C के तौर पर काम किया है, इसके अलावा वेस्टर्न और नॉर्दर्न फ्रंट पर जरूरी ऑपरेशनल फॉर्मेशन की भी कमान संभाली है. लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि अभी 01 सितंबर, 2025 से नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट में मिलिट्री एडवाइजर हैं. उससे पहले वह 01 जुलाई, 2024 से 31 जुलाई, 2025 तक आर्मी स्टाफ के वाइस चीफ थे और मार्च 2023 से जून 2024 तक सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे.



## अब मैं सबका सीएम, बंगाल का पुनर्निर्माण करेंगे:सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता,9 मई।** शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से प्रेरित इस पार्टी को किसी प्रमाणन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अब मुख्यमंत्री हूं, और मैं सबका हूं। जो लोग अभी भी नतीजों पर चर्चा कर रहे हैं, उन्हें विवेक से काम लेना चाहिए. बंगाल को बहुत नुकसान हुआ है। शिक्षा का ह्रास हुआ है, संस्कृति नष्ट हुई है, और हम बंगाल का पुनर्निर्माण करेंगे। हमारे कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है; उन्हें बोलने दीजिए, मैं तो बस आगे बढ़ता रहूंगा। अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह ने पश्चिम बंगाल में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम को जन्म दिया। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, धर्मेंद्र प्रधान, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने मंच पर छुए बुजुर्ग कार्यकर्ता के पैर

**कोलकाता।** कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में चल रहे शपथ ग्रहण समारोह के बीच एक ऐसा पल सामने आया, जिसने पूरी महफिल लूट ली। नरेन्द्र मोदी जैसे ही मंच पर पहुंचे, उन्होंने सीधे एक बुजुर्ग शख्स के पास जाकर उन्हें गले लगाया, फिर उनके पैर छुए और काफी देर तक उनसे स्नेह से बात करते रहे। यह नजारा कैमरे में कैद होते ही सोशल मीडिया पर छा गया। हर कोई यही पूछने लगा कि आखिर वो बुजुर्ग कौन हैं, जिनके सामने प्रधानमंत्री भी झुक गए। बाद में पता चला कि ये 98 वर्षीय माखनलाल सरकार हैं, जिन्हें पश्चिम बंगाल में बीजेपी के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में गिना जाता है। बताया जाता है कि माखनलाल सरकार 1952 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ आंदोलन में शामिल रहे थे और बीजेपी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। शपथ मंच पर दिखा यह भावुक पल अब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है।



## सुवेन्दु अधिकारी को साय ने दी बधाई

रायपुर/कोलकाता,9 मई। पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार को नया अध्याय जुड़ गया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए और उन्होंने सुवेंदु अधिकारी सहित मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और नई कार्यसंस्कृति के पक्ष में जनादेश दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और डबल इंजन सरकार की ताकत से पश्चिम बंगाल विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा। साय ने कहा कि नई सरकार राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगी, किसानों को समृद्धि का नया रास्ता मिलेगा और मातृशक्ति को सुरक्षित व सशक्त वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में माताओं-बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और युवाओं को उनके सपनों के अनुरूप अवसर मिलेंगे।



## कांग्रेस में एकता नहीं, आपस में ही लड़ाई : पुरंदर मिश्रा

**रायपुर,9 मई।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस पार्टी में घमासान मचा हुआ है, जिसको लेकर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दीपक बैज का कार्यकाल जुलाई में पूरा हो रहा है और कार्यकारिणी तक नहीं बना पाए। वहीं उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस में एकता नहीं है, आपस में इनके बीच लड़ाई है। 3200 करोड़ का घोटाला हुआ था उसका बटवारा नहीं होने से आपस में कॉम्पिटीशन है। दीपक बैज का कार्यकाल जुलाई में पूरा हो रहा है और कार्यकारिणी तक नहीं बना पाए। TS सिंहदेव कहते हैं मैं अध्यक्ष बनना चाहता हूं, अमरजीत कहते हैं मैं अध्यक्ष बनना चाहता हूं, दीपक बैज चाहते हैं कि मैं अध्यक्ष बना रहूं। मैं कहता हूं कि आपस में तय कर लो जनता को कंफ्यूज मत करो।



वैसे भी आपका भारत से कांग्रेस मुक्त होना तय है हमारे पार्टी का एजेंडा है कि भारत कांग्रेस से मुक्त हो और सनातन का राज चले। पश्चिम बंगाल, असम में यह भी बता दिया कि कांग्रेस की कोई औकात नहीं है।

भाजपा का फोकस बिलासपुर की सीटों पर है। इस मामले में विधायक पुरंदर मिश्रा का कहना है कि भाजपा कहीं कमजोर नहीं है। छत्तीसगढ़ से लेकर बंगाल तक बीजेपी की सरकार है। आज बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ हो रहा है। भाजपा ने भारत को पाकिस्तान बनने से बचाया है

वहीं टीएस सिंह देव ने हसदेव अरण्य के केते एक्सटेंशन को लेकर एफएसी को पत्र लिखा है। इस मामले में विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि टीएस बाबा को पूछिए 2018 में इसकी शुरुआत हुई वह सब जानते हैं उनसे पूछिए।

## कार-बाइक में टक्कर तीन युवकों की मौत

**बालोद,9 मई।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में आज दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खैरडीह गांव के पास कार और मोटरसाइकिल में हुई भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान तरुण कुमार यादव पिता मिनेन्द्र यादव (20 वर्ष), राहुल सेवता पिता सावंत सेवता (20 वर्ष) दोनों सीर्रभाठा निवासी और नरेंद्र भुआर्य पिता पुरषोत्तम भुआर्य (21 वर्ष) ग्राम मुड़खुसरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार दल्लीराजहरा से राजनांदगांव की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सवार देवरी की तरफ से डौंडीलोहारा आ रहे थे। इसी दौरान खैरडीह गांव के पास दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवकों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डौंडीलोहारा पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी में रखवाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# डेढ़ करोड़ के एलपीजी घोटाले में पूर्व राज्यमंत्री के दामाद भाजपा नेता को पुलिस ने धरा

**महासमुंद,9 मई।** करीब 1.5 करोड़ रुपए से अधिक के एलपीजी घोटाले की जांच कर रही पुलिस ने प्लांट मैनेजर, खाद्य अधिकारी और सहायक खाद्य अधिकारी के साथ गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर को भी हिरासत में लिया है. भाजपा नेता पंकज चंद्राकर पूर्व राज्यमंत्री चंद्राकर के दामाद हैं. बता दें कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के एलपीजी की कालाबाजारी का मामला हफ्ते भर पहले सामने आया था. पुलिस के मुताबिक, यह पूरा खेल मार्च के अंतिम सप्ताह से लेकर 6 अप्रैल 2026 के बीच सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया. आरोप है कि खाद्य अधिकारी अजय यादव, सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव और गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर ने प्लांट मैनेजर निखिल वैष्णव के साथ मिलीभगत कर प्लानिंग के साथ 6 गैस कैप्सूल को अभनपुर स्थित ठाकुर पेट्रोकेमिकल को हैण्ड ओवर किया था, जहां से कैप्सूल वाहनों में भरी गैस को धीरे-धीरे निकालकर अलग-अलग टैंकरों के जरिए बाजार में खपा दिया.जांच के दौरान कैप्सूल वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम से मिली जानकारी ने पूरे घोटाले का पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने गतिविधियों का क्रमवार विश्लेषण किया, जिसमें




सामने आया कि 31 मार्च को 2 कैप्सूल, 1 अप्रैल को 1 कैप्सूल, 3 अप्रैल को 1 कैप्सूल और 5 अप्रैल को 2 कैप्सूल से गैस निकाली गई. इस तरह कुल 6 कैप्सूल से 90 मीट्रिक टन अवैध रूप से गैस खाली की गई. जब्त दस्तावेजों की जांच में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं. रिकॉर्ड के मुताबिक, अप्रैल महीने में मात्र 47 टन गैस खरीदी गई थी, और शुरुआती स्टॉक भी शून्य था. इसके बावजूद 107 टन से अधिक गैस की बिक्री दर्ज दिखाई गई. खरीद और बिक्री के आंकड़ों में यह भारी अंतर साफ तौर पर चोरी और कालाबाज़ारी की ओर इशारा करता है.प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने यह कार्य उच्च अधिकारियों के निर्देश पर किया. गैस को पहले प्लांट के बुलेट टैंक में खाली किया जाता था और फिर निजी टैंकरों के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर भेज दिया जाता था. जांच में यह भी सामने आया है कि रायपुर और आसपास के इलाकों में 4 से 6 टन तक गैस की सप्लाई कच्चे चालान के जरिए की गई.मामले में प्लांट मैनेजर निखिल वैष्णव, खाद्य अधिकारी अजय यादव, सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव के अलावा गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर को हिरासत में लिया है. वहीं ठाकुर पेट्रोकेमिकल के मालिक संतोष ठाकुर और सार्थक ठाकुर फरार हैं.

## छड़-सीमेंट चोरी करने वाले गैंग का सरगना गिरफ्तार

**महासमुंद,9 मई।** जिले में लंबे समय से सक्रिय 'छड़-सिमेंट गैंग' का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी घर निर्माण करवा रहे लोगों को सस्ते में छड़ और सीमेंट दिलाने का झांसा देकर घर में घुसता था और मौका मिलते ही सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंचराम उर्फ पंचु निषाद निवासी चंदली, जिला सक्ती के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले से विभिन्न जिलों के थानों में चोरी के 13 मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी घर के बाहर रखी ईंट, गिट्टी और निर्माण सामग्री देखकर समझ जाता था कि मकान बन रहा है। इसके बाद वह ऐसे घरों को निशाना बनाता था जहां छोटे बच्चे या बुजुर्ग मौजूद हों। सूने मकानों में वह कभी चोरी नहीं करता था। आरोपी कम कीमत में छड़ और सीमेंट दिलाने की बात कहकर घर में घुसता और अलमारी की चाबी ढूंढकर जेवर चोरी कर लेता था। महासमुंद जिले में लगातार एक जैसे तरीके से चोरी की घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी।

# सुशासन तिहार: सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन तिहार -2026 का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत 1 मई से 30 जून तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया है जहाँ जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से पहुँचाया जाएगा। यह अभियान शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर आज पंडरिया नगर में सिशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विधायक भावना बोहरा जी ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुईं और उपस्थित अधिकारीयों को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों और उन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र व योजनाओं के तहत मिलने वाली सामग्रियों का वितरण कर विभागीय व स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सुशासन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से प्रशासन अब सीधे जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने, उसका निराकरण करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच है, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार सुशासन की स्थापना की दिशा में काम कर रही है। इस तिहार के माध्यम से सभी स्तरों पर जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ÷सुशासन, सेवा और विकास÷ के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा समाधान शिविर इसी सोच का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों का शासन-प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। समाधान शिविर में नगर पालिका पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे जी, उपाध्यक्ष श्री सुमित तिवारी जी, समस्त पार्षदगण, जिला व जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



### रात में वाहनों की चेकिंग

**भिलाई, 9 मई (तछसं.)।** दुर्ग जिले में रात्रिकालीन अपराधों पर नियंत्रण लगाने तथा असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए रात 12 से तड़के 4 बजे तक विशेष रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के अंतर्गत जिले के 6 प्रमुख स्थानों अंजोरा चौक, मुर्गा चौक भिलाई भट्ठी, जेल तिराहा पद्मनाभपुर, गदा चौक सुपेला, बोरदा पुलिया जामुल एवं उरला चौक मोहन नगर में पुलिस टीमों द्वारा सघन जांच की। विशेष अभियान के दौरान थाना पुलिस, यातायात पुलिस एवं रक्षित केंद्र दुर्ग के संयुक्त बल ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की डिक्की चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी एवं देर रात्रि सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से एकत्रित व्यक्तियों की जांच की ।

## एक नजर

### शराब की अवैध बिक्री, बंदी



**भिलाई, 9 मई (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मुस्कान होटल के सामने गली, ग्राम मुरमुंदा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना मिलने पर थाना नंदिनी पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम संदेही को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम भुनेश कुमार गायकवाड (20 साल ) निवासी ग्राम मुरमुंदा थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग बताया तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा शराब कीमती लगभग 3,500 रुपये बरामद कर जब्त किया मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है ।

### नकली पायल मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 9 मई (तछसं.)।** भिलाई नकली धातु के पायल को चांदी का बताकर ज्वेलरी दुकान संचालक से असली चांदी का पायल लेकर फरार अंतर्राज्यीय ठग को रेलवे स्टेशन परिसर से सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों आरोपियों के कब्जे से ठगी की एक जोड़ी चांदी का पायल एवं खरीदे रसीद जब्त की है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि प्रार्थी आशीष जैन (40 साल ) निवासी मधुबन वाटिका खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग ने थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो व्यक्ति उसकी ज्वेलरी दुकान में आए तथा अपने पास रखे पुराने चांदी के पायल एवं हाथ का कड़ा दिखाकर उसे असली चांदी का होना बताया आरोपियों ने पुराने चांदी के जेवर के बदले नया चांदी का पायल लेने की बात कही गई तथा अंतर की राशि 2200 रुपए जमा कर नया चांदी का पायल लेकर दुकान से चले गये। रात्रि में दुकान बंद करते समय प्रार्थी ने पुराने पायल की जांच करने पर वह नकली धातु का पाया गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम घटना स्थल निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज, प्रार्थी के कथन एवं आरोपी द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड के आधार पर आरोपियों की तलाश की मुखबिर सूचना पर रेलवे स्टेशन स्थित यात्री प्रतीक्षालय में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों राजेश साहू (39 साल ) निवासी ग्राम पारकना, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.) व प्रदीप श्रीवास्तव (35 साल ) निवासी ग्राम अमनचार, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.) ने नकली पायल देकर असली चांदी का पायल प्राप्त कर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी चांदी का पायल एवं महावीर ज्वेलर्स की खरीद रसीद जब्त की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### नेहरू नगर में खुल रहा अत्याधुनिक वाय के बीआई पिलेट्स स्टूडियो

**भिलाई,9 मई।** नेहरू नगर स्थित 82-83 कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में शनिवार 9 मई 2026 को शाम 4.30 बजे अत्याधुनिक वाय के बीआई पिलेट्स स्टूडियो का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। इस स्टूडियो का उद्घाटन देश की प्रसिद्ध फिटनेस ट्रेनर एवं पिलेट्स एक्सपर्ट यास्मिन कराचीवाला द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को लेकर शहर के फिटनेस प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पिलेट्स स्टूडियो की संचालिका सुश्री शिवानी कालकट ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में लोगों के बीच फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। जिस प्रकार योगा, जुम्बा और अन्य फिटनेस एक्टिविटीज लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती हैं, उसी प्रकार पिलेट्स भी शरीर को मजबूत, संतुलित और लचीला बनाने की एक प्रभावी आधुनिक तकनीक है।

## कंपनी के खिलाफ ग्रामवासियों में आक्रोश,10 मई की बैठक में हो सकता है कोई बड़ा निर्णय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 9 मई।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा(क) में खुल रहे यूरोसेम कंपनी को ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवासियों को कोई भी जानकारी दिए बिना एन ओ सी अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने से आक्रोशित आशंकित ग्रामवासी संबंधित कंपनी संचालन से लाभ, हानि, सुविधा, असुविधा, समस्या आदि के संबंध में पूरे गांव वालों से चर्चा हेतु ग्रामवासियों का बैठक प्रातः 8 बजे से रविवार 10 मई को बाजार चौक घुघुवा(क) में आयोजित किया जा रहा है, इस बैठक में ग्राम के समस्त जनप्रतिनिधि समस्त ग्रामवासी परिवार को अनिवार्य रूप से उपस्थिति प्रदान करने निवेदन किया गया है, इस बैठक में आक्रोशित आशंकित ग्रामवासी अपने ग्राम के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु कोई भी बड़ा निर्णय ले सकते हैं, बैठक में मीडिया वाले भाइयों के उपस्थित होने की संभावना है।

## ऐतिहासिक बंगाल विजय के बाद कवर्धा आगमन पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,9 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा जी के प्रथम कवर्धा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों द्वारा जोरदार, भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान लगभग एक माह तक पार्टी संगठन द्वारा श्री विजय शर्मा जी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने लगातार विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर संगठन को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने एवं चुनावी रणनीति को धरातल तक पहुंचाने का कार्य किया। बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कवर्धा पहुंचने पर स्थानीय ठाकुर देव चौक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने फूलमाला, ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं जयघोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय विजय शर्मा जिंदाबाद एवं भाजपा विजय अभियान के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने लोकतंत्र, सुशासन और सुरक्षा के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक भावना और राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण से ही यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और जनविश्वास की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा भाजपा की विचारधारा अब पूरे देश में जनआंदोलन का रूप ले चुकी है।स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त मण्डल प्रभारी जयराम की उपस्थिति में पिपरिया मण्डल की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 9 मई।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल पिपरिया मे प्रदेश नेतृत्व के आह्वान निर्देशानुसार 7 मई को पिपरिया में बैठक रखा गया । पिपरिया मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा मण्डल प्रभारी जयराम का ऐतिहासिक स्वागत किया गया कार्यकर्ताओ में खुशी कि लहर है कि युवा जिला भाजपा उपाध्यक्ष को हमारे मण्डल पिपरिया का प्रभारी बनाया गया। जिसमे प्रदेश पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी,मण्डल के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मण्डल जयराम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मे नेतृत्व का स्वागत किया जाता है हम सभी कार्यकर्ता है और हम सबको मिलकर पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करना है,मण्डल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीकृष्णकुमार वैष्णव जी, मण्डल अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्रवंशी जी, प्रदेश भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल कांत नाविक जी, मण्डल महामंत्री दिनेश चंद्रवंशी जी, लोकेश साहू मण्डल उपाध्यक्ष उरेंद्र साहू जी, लक्ष्मण कौशिक जी, ईश्वरी धुर्वे जी, मण्डल मंत्र दुर्गा नाविक जी, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष श्रीमति सालू भट्ट महिला मोर्चा मण्डल मंत्री सविता साहू एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात जयराम द्वारा जनसंघ के समय से पार्टी के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओ को श्रीफल एवं पार्टी के गमछा देकर सम्मानित किया गया जो कि बहुत सराहनीय कार्य है कि कोई नेता ने अपने पुराने से पुराने कार्यकर्ताओ का सम्मान किया।

## जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**जामुल, 9 मई।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 08 मई को नगर पालिका क्षेत्र जामुल के हाई स्कुल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड क्र. 01, 02, 03, 04 एवं 06 के नागरिकों की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये गये । शिविर में कुल 88 आवेदन प्राप्त हुआ जिनमें 64 आवेदन मांग से एवं 24 आदेवन शिकायत से संबंधित थें। 06 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया । शेष आवेदन को विभागवार परीक्षण कर त्वरित निराकरण करने प्रेषित किया गया है। इसके अतिरिक्त जन समस्या निवारण शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा 74 नागरिकों का स्वास्थ परीक्षण किया गया, आर टी ओ विभाग द्वारा 50 आवेदको को लर्निंग लायसेंस दिया गया, 20 आवेदको का आधार अपडेशन किया गया। 03 लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 02 पात्र हितग्राहियो को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में महिला बालविकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की रस्म की गई।

## अमलेश्वर भाजपा मंडल में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 9 मई।** अम्लेश्वर भाजपा मंडल अंतर्गत क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। यह सराहनीय पहल सरपंच एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर द्वारा की गई। वे स्वयं विद्यार्थियों के घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्रों को बैग एवं कॉपी भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर ग्राम झीट की होनहार छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में मोनिका कौशिक ने 93.06 प्रतिशत तथा भूमिका साहू ने 94.04 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।वहीं ग्राम सांकरा के विद्यार्थियों ने भी शानदार सफलता हासिल की। कक्षा 10वीं में फाल्गुनी तुरकाने, यामिनी पटेल ने 92.1 प्रतिशत तथा टोमीन सिंगौर ने 90.1 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान हर क्षेत्र में सार्थक सिद्ध हो रहा है। एक बार फिर बेटियों ने अपनी प्रतिभा से यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।इस अवसर पर मोहन लोधी सरपंच संजय सिंगौर पंच तुलराम सिंगौर पंच प्रदीप सिंगौर मुकेश सिंगौर छोटू यादव कामता सिंगौर सहित अन्य जन मौजद रहे।

### सम्मान



**भिलाई।** अंचल के जाने माने लब्धप्रतिष्ठित अंतराष्ट्रीय कवि साहित्यकार गोविन्द पाल को सरगम म्यूजिकल भिलाई के डायरेक्टर सोनाली सेन तथा म्यूजिकल ग्रुप के सभी कलाकारों व सदस्यों ने मिलकर बरुण स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया । गोविन्द पाल को यह सम्मान उनके लंबी अवधि तक साहित्य साधना तथा साहित्य के विभिन्न विधाओं में 15 से अधिक पुस्तकें लिखने के कारण यह पुरस्कार दिया गया।

## पावर हाउस क्षेत्र में सड़क बाधा और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाईनगर,9 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस क्षेत्र में सड़क बाधित कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों एवं फल ठेला संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। निगम की टीम द्वारा सड़क एवं आसपास गंदगी फैलाने वालों, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों तथा कबाड़ी व्यवसाय के माध्यम से गंदगी फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान संबंधित लोगों से सड़क बाधा उत्पन्न करने एवं गंदगी फैलाने के आरोप में कुल 4400 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। निगम अधिकारियों ने संबंधितों को समझाइश देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा सड़क बाधा या गंदगी फैलाते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा लगातार शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा स्वच्छता व्यवस्था बेहतर करने अभियान चलाया जा रहा है। पावर हाउस क्षेत्र शहर का व्यस्ततम इलाका होने के कारण यहां सड़क पर अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने से आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता सहित निगम की टीम उपस्थित रही।

## निगम मुख्यालय में सुशासन तिहार, शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने दिए आवेदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों के नागरिक शामिल हुए। शिविर में नागरिको द्वारा मांग एवं शिकायत प्राप्त हुआ है, जिसका त्वरित निराकरण किया जायेगा।

सुशासन तिहार शिविर में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। जहां शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, आयुष सेवा, महिला एवं बाल विकास, वन एवं जलवायु, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, उज्ज्वला, संपत्तिकर एवं अन्य योजनाओं के काउंटर लगे हुए है। शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु भी आवेदन प्रस्तुत किए। निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए आवेदन प्राप्त किए और निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

## खुर्सीपार क्षेत्र के सामुदायिक शौचालयों का जोन आयुक्त ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर,9 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत आगामी सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सामुदायिक सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शौचालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा ने शौचालयों में पानी, बिजली एवं नियमित सफाई व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण कार्य तत्काल कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जोन आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उन्हें सभी मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सके। इस अवसर पर सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कार चालक से मारपीट

**भिलाई,9 मई।** भिलाई खुर्सीपार चौक के पास बीच सड़क कार चालक से मारपीट कर रहे दो युवकों को यातायात जवान की सतर्कता से स्थिति को नियंत्रित कर हटाया गया। इससे बड़ी अनहोनी टल गई वहीं पेट्रोलिंग वाहन बुलाने की सूचना मिलते ही दोनों युवक मौके से भाग निकले एवं यातायात व्यवस्था पुन सुचारू कराई गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि खुर्सीपार चौक में ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षक बेनु राम ने ड्यूटी के दौरान खुर्सीपार चौक से लगभग 500 मीटर पहले दुर्ग से रायपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बीच सड़क में दो युवकों ने एक कार चालक से विवाद एवं मारपीट किए जाने की स्थिति देखी गई घटना के दौरान मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा था तथा मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

## एक नजर

### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों से वैज्ञानिकों ने किया सीधा संवाद

**बलौदाबाजार 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 5 से 20 मई 2026 तक ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' के द्वारा खरीफपूर्व अभियान चलाया जा रहा है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के कृषकों को समृद्ध बनाने हेतु अभियान चलाकर शिविर के माध्यम से कृषि एवं समवर्गीय विभागों द्वारा उन्नत तकनीक एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। कृषि विज्ञान केन्द्र, दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा के वैज्ञानिक गॉव-गॉव पहुंचकर खेती की उन्नत तरीकों की जानकारी किसानों प्रदान की जा रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अन्तर्गत विकासखण्डों में 120 स्थानों पर रथ संचालित कर प्रचार-प्रसार किया गया। विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में कृषकों को शिविर के माध्यम से खरीफमौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया।अभियान के दौरान किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किये जाने वाले नवाचार के संबंध में चर्चा की गई। शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ऑयल पाम, एग्रीस्टैक योजना, पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। मत्स्य पालन विभाग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत घटक पुष्प विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, मशाला क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती, राज्य पोषित योजनान्तर्गत समेकित कृषि विकास योजना, फल उद्यान, नलकूप खनन, हल्दी, अदरक की खेती के बारे में जानकारी साझा किया गया व अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग द्वारा कुकूट प्रदाय योजना, सांड प्रदाय योजना, सुकर तरई योजना, कृत्रिम गर्भाधान एवं बकरा पालन योजना की जानकारी दी गई।

### मोहतरा 'क' में समाधान शिविर,18 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल

**बलौदाबाजार 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 9 मई को विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा (क ) में समाधान शिविर होगा।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायत मोहतरा (क ) शिविर में 18 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे जिसमें ग्राम पंचायत आमाखोहा, असनीन्द,बैगनडबरी, बम्हनी, बिलारी (क), चरौदा (क),छाँछी, छरछेद, दर्रा (क ) देवरीकला,हटोद,खर्री, खर्वे, कोट (क), मोतीपुर, मोहतरा (क) मुड़ियाडीह एवं पीसीद शामिल है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होगा।शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्यत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग,कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,उद्योग विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल संसाधन विभाग,वन विभाग,समाज कल्याण विभाग,खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे।शिविर में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

# स्वस्थ शरीर ही सशक्त समाज की नींव

**■ अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने आयोजित किया स्वास्थ्य एवं शरीर विश्लेषण शिविर**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा 9 मई।** सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बैकुंठ सीमेंट वर्क्स द्वारा हाल ही में एक विशेष 'स्वास्थ्य जागरूकता और शारीरिक विश्लेषण शिविर' का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य मापदंडों के बारे में शिक्षित करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।बीएमआई विश्लेषण और विशेषज्ञ परामर्शशिविर के दौरान टीम ने प्रतिभागियों के बॉडी मास इंडेक्स का गहन विश्लेषण किया। यह विश्लेषण विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित किया गया था जो 'ओवरवेट' (अधिक वजन) या 'अंडरवेट' (कम वजन) की श्रेणी में आते हैं। विश्लेषण के पश्चात, प्रत्येक प्रतिभागी को उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श और डाइट चार्ट प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नागपुर के साइबर क्राइम विभाग और पीसीआर के एसीपी डॉ. अशोक बागुल विशिष्ट अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।जो की फिट इंडिया मिशन के साथ जुड़े हैं। उन्होंने अपने संबोधन में न केवल स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की, बल्कि शारीरिक तंदुरुस्ती को मानसिक सतर्कता और आज के दौर में हो रहे बीमारी के साथ,बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. बागुल ने प्रतिभागियों को संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के माध्यम से एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में ग्राम पंचायत कुंदरु के उप सरपंच भूषण वर्मा मौजूद रहे।अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह शिविर का आयोजन एच आर हेड जितेन्द्र तंवर के मार्गदर्शन में हुआ। सीएसआर अधिकारी सोनाली गवारगुर, और उनकी टीम दीपेन्द्र मिश्रा, सीडी लहरे, मुन्ना बर्मन, निरूपा कश्यप ने किया।शिविर में ग्राम पंचायत कुंदरु और किरना के बड़ी संख्या में महिलाओं ,स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : प्रदेश भर में गूंजीं शहनाइयां, 1385 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**■ सामाजिक समरसता और जनकल्याण का बना भव्य उत्सव**



**रायपुर, 9 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर सामाजिक समरसता और जनकल्याण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 8 मई को प्रदेशभर में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोहों में 1385 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जहां एक साथ गूंजती शहनाइयों ने पूरे प्रदेश को उत्सवमय बना दिया। यह आयोजन सामाजिक एकता, समानता और मानवीय संवेदनाओं का विराट उत्सव बनकर सामने आया।

राजधानी रायपुर से लेकर सुदूर वनांचल तक हर जिले में आयोजित इन समारोहों में हजारों परिवारों की सहभागिता देखने को मिली। पारंपरिक रीति-रिवाजों, सादगी और गरिमा के साथ सम्पन्न हुए इन विवाहों ने यह संदेश दिया कि शासन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की वर्षों पुरानी चिंता को दूर किया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि विवाह को गरिमामय, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक स्वरूप भी प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गईं, जिसमें सुसज्जित विवाह स्थल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं, ताकि हर नवदंपति और उनके परिजनों को एक सुखद अनुभव मिल सके।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3200 विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 347 विवाह पूर्व में संपन्न हो चुके थे, जबकि 8 मई के राज्यव्यापी आयोजन में 1385 विवाह संपन्न हुए। इस प्रकार अब तक कुल 1732 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध चुके हैं, जो लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समावेशी भावना रही। हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध सहित विशेष पिछड़ी जनजातियों के जोड़े अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह सूत्र में बंधे। यह दृश्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक बन गया।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ कर सकें। इसके साथ ही विवाह के दौरान आवश्यक सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाएं भी शासन द्वारा सुनिश्चित की जाती हैं। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी 2026 को आयोजित वृहद सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में 6412 जोड़े विवाह बंधन में बंधे थे, जिसने सामाजिक समरसता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ का नाम गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

प्रदेशभर में आयोजित यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि संवेदनशील नेतृत्व, प्रभावी योजनाएं और जनभागीदारी मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना महिला सम्मान, सामाजिक समानता और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनकर छत्तीसगढ़ के विकास की नई गाथा लिख रही है।

## पुलिस स्पेशल टीम ने पकड़ी 11 लाख की अवैध शराब




**■ कार्रवाई से शराब कोचियों में हड़कंप**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 मई।** राजनांदगांव जिले में अवैध शराब कारोबार, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दबंग पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में अंतर्राज्यीय शराब बिक्री एवं अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 07 मई शुक्रवार को पुलिस चौकी मोहारा, थाना डोंगरगढ़ को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहारा निवासी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू उर्फ छोटा कट्टी द्वारा कोटरीछापर रोड स्थित मुढिया नाला के पास भारी मात्रा में अवैध शराब डंप कर बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी की जा रही थी कि मौके पर पुलिस टीम को देखकर कुछ व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया गया, जबकि एक आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू मौके से फरार होने में सफल हो गया। वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि अवैध शराब आरोपी नंदकिशोर वर्मा द्वारा स्वीफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक CG 04 LG 9461 से मंगाई गई थी, जिसे सभी मिलकर बिक्री करते थे। कार्यवाही के दौरान आरोपियों के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की की कुल 09 पेटी (450 पौवा), कुल 81 बल्क लीटर शराब एवं एक ओला ईवी स्कूटी क्रमांक CG 08 BB 4537 जप्त कर आरोपी देवव्रत वर्मा, निवासी मोहारा, चुम्मन सिन्हा, निवासी रूवातला, महेन्द्र वर्मा, निवासी मोहारा को हिरासत में लेकर आरोपियों के विरुद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। फरार आरोपी की तलाश लगातार जारी है। फरार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 01 माह के भीतर ही राजनांदगांव ज़िले में आबकारी के 135 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गई हैं जिसमे लगभग 147 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। एडिशनल एसपी कीर्तन राठौड़ के मार्गदर्शन में सी एस पी वैशाली जैन, डीएसपी केशरीनंदन नायक, इंस्पेक्टर विनय पम्मार के अधीनस्थ बनी स्पेशल टीम ने की करवाई। राजनंदगांव पुलिस टीम की अवेद कारोबार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से अपराधियों में दहशत और छटपटाहट का माहौल है।

## पुलिस एवं राजस्व विभाग ने की अवैध ईंट भंडारण पर कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 मई।** थाना तिल्दा नेवरा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से ईंटों के भंडारण के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम अलदा निवासी लखन लाल वर्मा के कब्जे से लगभग एक लाख ईंट जप्त की है। प्राप्त शिकायत के अनुसार ग्राम अलदा में अवैध रूप से ईंटों का भंडारण किया जा रहा था तथा संबंधित नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर तहसील प्रशासन एवं तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान लखन वर्मा पिता स्वर्गीय बुधराम वर्मा, उम्र 44 वर्ष, के द्वारा बड़ी मात्रा में ईंटों का भंडारण पाया गया। अधिकारियों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहे जाने पर संबंधित व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद संयुक्त टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 01 लाख ईंट जप्त कर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। मामले में राजस्व विभाग द्वारा पृथक रूप से भी जांच की जा रही है। तिल्दा नेवरा पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों ने कहा है कि अवैध उत्खनन, अवैध भंडारण तथा राजस्व नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में आगे भी लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवैध शराब बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई जारी

**डोंगरगढ़ 9 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 07/05/2026 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी भूपेन्द्र सिन्हा निवासी बधियाटोला डोंगरगढ़, बधियाटोला रोड स्थित रतबहिनी माता मंदिर के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से 09 बोतल किंग फिशर स्ट्रांग बीयर कुल मात्रा 5.850 बल्क लीटर कीमत लगभग 1800/- रुपये एवं 04 बोतल इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की कुल मात्रा 3.000 बल्क लीटर कीमत लगभग 3200/- रुपये तथा शराब बिक्री रकम 500/- रुपये कुल जुमला कीमत 5500/- रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 235/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।




## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : गायत्री मंदिर में 21 जोड़ों ने लिये फेरे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,9 मई।** महिला एव बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत शुक्रवार को गायत्री मंदिर बलौदाबाजार में 21 जोड़े का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नव विवाहित जोड़ें को परिधान सामग्री एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श आकांक्षा गोलू जायसवाल ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समानता और सहयोग की भावना को प्रबल करते है। इससे न केवल फिजूलखर्ची और सामाजिक कुरीतियों पर लगाम लगती है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न होता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सामाजिक सहयोग प्रदान करना है तथा सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना कार्यक्रम में सभी नवदम्पत्तियों के सुखद एव उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में हरिराम वर्मा एव गायत्री परिजन के द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर 25 लोगों ने किया रक्तदान

**बलौदाबाजार 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साह में साथ रक्तदान किया। एक महिला सहित 25 लोगों के द्वारा किये गये ब्लड डोनेशन से 25 यूनिट रक्त प्राप्त हुई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एवं ब्लडबैंक प्रभारी डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ। रक्तदान महादान है इससे जरुरतमंदो को देकर जान बचाई जा सकती है।= 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है।




**8,500 से अधिक पॉलिसियों के साथ दर्ज की शानदार वृद्धि**

# टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में एमएसएमई जोखिम सुरक्षा को किया मजबूत




**रायपुर 9 मई।** भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी, टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कमर कस ली है। रायपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, छत्तीसगढ़ के एमएसएमई क्षेत्र के लिए जोखिम सुरक्षा को मज़बूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। छत्तीसगढ़ में एमएसएमई क्षेत्र का तेज़ी से विस्तार हुआ है; यहाँ एग्री-स्टोरेज इकाइयों, राइस मिलों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे विविध क्षेत्रों में करीब 13.5 लाख उद्यम मौजूद हैं। इसी आर्थिक प्रगति का परिणाम है कि राज्य में अब जीएसटी करदाताओं की संख्या 1.5 लाख के आंकड़े को छू रही है। टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में 8,500 से अधिक एसएमई पॉलिसियां जारी की हैं, जिसमें पिछले वर्ष 25त्न से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 में भारत के एमएसएमई क्षेत्र में ?1,400 करोड़ के प्रीमियम का ऐतिहासिक पड़ाव पार कर लिया है, जिसमें छत्तीसगढ़ एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभरा है। इस विकास को और गति देने के लिए, टाटा एआईजी ने वित्त वर्ष 26 में छत्तीसगढ़ में एक डेडिकेटेड ज़ोन स्थापित कर अपनी उपस्थिति मज़बूत की है, जिसे विशेष एसएमई अंडरराइटर्स और क्लेम प्रोफेशनल्स ने समर्थन दिया है। इस निवेश का उद्देश्य क्षेत्र के व्यवसायों के लिए त्वरित जोखिम मूल्यांकन, कस्टमाइज्ड कवरेज समाधान और कुशल क्लेम सेवाएं सुनिश्चित करना है। वित्त वर्ष 26 में, कंपनी ने भारत में 7.5 लाख से अधिक एमएसएमई पॉलिसियां जारी कीं और अपने कमर्शियल पोर्टफोलियो के तहत ग्रुप हेल्थ, ग्रुप एक्सीडेंट और कर्मचारी कम्पेन्सेशन पॉलिसियों के माध्यम से 20 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान की।

छत्तीसगढ़ में बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, जलवायु परिवर्तन और इलाज के बढ़ते खर्चों की वजह से आग लगने और कर्मचारियों की सेहत से जुड़े जोखिम बढ़ गए हैं। इन खतरों को देखते हुए अब ज़्यादा से ज़्यादा लोग और कंपनियां इंश्योरेंस का सहारा ले रही हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के हेड ङ्क एमएसएमई प्रोडक्ट्स, श्री प्रणय शाह ने कहा: ÷भारत की एमएसएमई विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा ध्यान राज्य के उद्यमों के बदलते जोखिमों को समझने और उन्हें भरोसेमंद व सुलभ बीमा समाधान प्रदान करने पर है। वित्त वर्ष 26 में, हमने प्रमुख क्षेत्रों में भारी वृद्धि देखी है, जिसमें फायर इंश्योरेंस और कन्स्ट्रक्शन इंश्योरेंस में 30त्न से अधिक और ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस में 20त्न से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय स्तर पर अपनी उपस्थिति को मज़बूत करके और विशेषज्ञ क्षमताओं में निवेश करके, हमारा लक्ष्य एमएसएमई को सशक्त बनाना, आजीविका की रक्षा करना और व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करना है।÷ छत्तीसगढ़ में बढ़ते एमएसएमई क्षेत्र के साथ कदम मिलाते हुए, टाटा एआईजी व्यवसायों को उनकी उभरती आवश्यकताओं के अनुसार सटीक बीमा सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी स्थानीय समझ, आधुनिक तकनीक और ग्राहक केंद्रित सेवाओं के दम पर, कंपनी इन उद्यमों को मज़बूत बनाने और उनके विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद कर रही है।

## चुनाव हारने पर नेता का कद छोटा हो जाता है

कोई भी राजनीतिक दल हो या उसका बड़ा नेता हो, वह चुनाव पार्टी को जिता नहीं पाता है या खुद जहां-जहां से चुनाव लड़ता है, वहां चुनाव जीत नहीं पाता है तो उसका राजनीतिक कद पार्टी,राज्य व देश में कम हो जाता है क्योंकि राजनीति में सीधा सा गणित होता है जो चुनाव खुद जीतता है और पार्टी को भी जिताता है, वह बड़ा नेता होता है, उसका राजनीतिक कद पार्टी में.प्रदेश में व देश में ऊंचा हो जाता है।वह जितने चुनाव खुद जीतता है और अपनी पार्टी को जिताता है, उसका राजनीतिक कद उतना ही ऊंचा होता है लेकिन कई चुनाव जिताने वाला नेता यदि एक चुनाव हार जाता है तो उसका जितना भी ऊंचा कद हो वह कम हो जाता है और उसे कोई बड़ा नेता नहीं मानता है क्योंकि वह अब हराने वाला नेता नहीं रह जाता है,वह चुनाव हारने वाला नेता बन जाता है और हारने वाले नेता को कोई बड़ा नेता नहीं मानता हैं। पार्टी के लोग नहीं मानते,राज्य के लोग नहीं मानते और देश में भी बड़ा नेता कोई नही मानता है। पं.बंगाल चुनाव हारने के पहले ममता बैनर्जी पार्टी के सबसे बड़ी नेता थी,राज्य की सबसे बड़ी नेता थी और विपक्ष में देश की भी सबसे बड़ी नेता थी। वह खुद को विपक्ष का बड़ा नेता मानती थीं और विपक्ष के नेता उनको देश का बड़ा नेता मानते थे। क्योंकि विपक्ष के तमाम नेताओं के बीच वही एकमात्र ऐसी विपक्ष की नेता थी जिसने एक नहीं दो नहीं तीन चुनाव में पीएम मोदी व अमित शाह को पं.बंगाल में हराया था। विपक्ष में पीएम मोदी व शाह को किसी राज्य में तीन बार हराने वाला कोई और नेता नहीं था इसलिए ममता विपक्ष की मोदी व शाह को हरानेवाली नेता थी बाकी सब मोदी व शाह से चुनाव हारने वाले नेता थे। जब भी मोदी व शाह को किसी चुनाव में हराने की बात होती थी तो विपक्ष का कोई नेता यह कहे या न कहे ममता जरूर कहती थी कि उन्होंने मोदी व शाह को पं.बंगाल में तीन बार हराया है तो वही देश के चुनाव में भी उनको हरा सकती थी।यानी वह विपक्ष से चाहती थीं कि राहुल गांधी की जगह उनको विपक्ष का नेतृत्व सौंपा जाता है तो वह पीएम मोदी को देश मे हरा सकती हैं। २६ के विधानसभा चुनाव मे पं.बंगाल में वह हुआ जिसकी कल्पना तक ममता नहीं करती थी यानी मोदी और शाह से पं.बंगाल में चुनाव हार जाना।वह भी बुरी तरह। इतनी बुरी तरह की वह खुद दो सीटो पर चुनाव लड़कर दोनों सीटों पर चुनाव हार गई और उनकी पार्टी जिसके दो सौ सीटों पर जीतने की कल्पना कर वह खुश हो रही थी,वह १०० सीट भी नहीं जीत सकीं। इससे ममता को बहुत राजनीतिक नुकसान हुआ। राज्य की सत्ता तो गई ही, देश के बड़ी नेता की जगह,देश की मोदी व शाह को हराने वाली व हरा सकने वाली नेता की जगह अब वह भी विपक्ष के सभी नेताओं की तरह मोदी शाह से हारने वाली नेता रह गई थीं।वह सत्ता के नशे में भूल गई थी कि पीएम मोदी व शाह भी तीन बार हारने पर भी हार मानने नही है और उसको हराकर कर दम लेने वाले हैं। पीएम मोदी व शाह को ममता को हराने में १५ साल लगे लेकिन आखिरकार उन्होंने वह काम कर दिखाया जिस देश की राजनीति में ऐतिहासिक माना जाएगा। चुनाव हारने से ममता को सबसे बड़ा राजनीतिक रूप से नुकसान क्या हुआ, वह भी विपक्ष के तमाम नेताओं जैसा हो गई. उनका राजनीतिक कद भी कम हो गया और वह भी राज्य व देश की सबसे बड़ी राजनीतिक नेता नहीं रह गई है।ऐसे में उनके सामने खुद को विपक्ष से अलग व बड़ा नेता दिखाने के लिए कुछ ऐसा करना था जो विपक्ष के किसी नेता ने न किया हो। चुनाव हारने पर विपक्ष के तमाम नेताओं ने सहज इस्तीफा दे दिया था, ममता भी चुनाव हारने पर ऐसा करती तो वह विपक्ष के तमाम नेताओं जैसी हो जाती इसलिए उन्होंने हारने के बाद भी सीएम पद से इस्तीफा देने से मना कर दिया ताकि वह विपक्ष के तमाम नेताओं से अलग दिखें। वह कह सकें कि तुम लोग जो काम नहीं कर सके मैंने किया है।मैं हारी नहीं हराई गई इसलिए मैंने विरोध मे सीएम पद से इस्तीफा नहीं दिया। ममता ने सीएम पद से इस्तीफा न देकर खुद को विपक्ष के तमाम नेताओं के अलग बताने का प्रयास किया यानी वह विपक्ष के तमाम नेताओं को यह बताने का प्रयास किया कि मैं पहले भी तुम लोगों जैसी नहीं थी और बंगाल हारने के बाद भी नहीं हूं।यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि ममता ने राहुल गांधी के बनाए हुए रास्ते पर चलने से क्यों मना नहीं किया क्योंक राहुल गांधी ही देश के पहले ऐसे नेता जिन्होंने यह माना और कहा कि हम हारे नहीं है,हम हराए गए है।

**राजनीति**

# महिला आरक्षण पर राजनीतिक दलों का दोहरा चरित्र

**ललित गर्ग**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि जिस देश में महिलाओं को "शक्ति", "मातृशक्ति" और "आधी दुनिया" कहकर सम्मानित किया जाता है, वहीं राजनीति में उन्हें समान भागीदारी देने के प्रश्न पर लगभग सभी राजनीतिक दलों की नीयत संदिग्ध दिखाई देती है। संसद से लेकर चुनावी मंचों तक महिला आरक्षण के समर्थन में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब उम्मीदवारों को टिकट देने का समय आता है, तब अधिकांश दल महिलाओं को हाशिये पर धकेल देते हैं। हालिया विधानसभा चुनावों ने इस विरोधाभास को एक बार फिर उजागर कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं को दिए गए टिकटों का आंकड़ा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि महिला प्रतिनिधित्व को लेकर दलों की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संसद में जोरदार राजनीतिक संघर्ष देखने को मिला, लेकिन उन्हीं दलों ने चुनावी मैदान में महिलाओं को पर्याप्त अवसर देने में उत्साह नहीं दिखाया। यह केवल राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का भी प्रश्न है।



सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव की रही। भारतीय जनता पार्टी ने 294 सीटों में से केवल लगभग 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 291 सीटों पर करीब 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। यह संख्या कुल टिकटों का लगभग दस प्रतिशत ही बैठती है। तमिलनाडु में भी स्थिति बहुत अलग नहीं रही। सत्ता परिवर्तन के दावे करने वाले दलों ने महिलाओं को सीमित अवसर दिए। असम और केरल जैसे राज्यों में भी राजनीतिक दलों ने महिलाओं को प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे नहीं बढ़ने दिया। परिणाम यह हुआ कि कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों में महिलाओं की संख्या अत्यंत कम रही। यह स्थिति तब है, जब देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं। दरअसल भारतीय राजनीति लंबे समय से पुरुष प्रधान मानसिकता से संचालित होती रही है। राजनीतिक दल महिलाओं को अक्सर "सुरक्षित" या "कमजोर" उम्मीदवार मानते हैं। उन्हें यह भय रहता है कि महिला प्रत्याशी चुनावी संघर्ष, धनबल, बाहुबल और जातीय समीकरणों के बीच प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी। यही कारण है कि अधिकांश दल महिलाओं को उन्हीं सीटों पर टिकट देते हैं जहां उनकी जीत की संभावना कम होती है या जहां केवल प्रतीकात्मक उपस्थिति दर्ज करानी होती है। विडंबना यह भी है कि जो राजनीतिक दल संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में जोरदार भाषण देते हैं, वे अपने संगठनात्मक ढांचे में भी महिलाओं को निर्णायक स्थान देने से बचते हैं। अधिकांश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व पर पुरुषों का वर्चस्व है। महिलाओं को प्रायः महिला मोर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम या सामाजिक अभियानों तक सीमित कर दिया जाता है। निर्णय लेने वाली समितियों और रणनीतिक पदों पर उनकी भागीदारी बेहद कम दिखाई देती है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष सत्र बुलाकर राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया था। विपक्ष पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया गया। लेकिन सवाल यह है कि यदि वास्तव में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण को लेकर गंभीर इच्छाशक्ति होती, तो बिना किसी संवैधानिक बाध्यता के भी दल अपने स्तर पर अधिक महिलाओं को टिकट दे सकते थे। आखिर किसने रोका था कि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक या अन्य दल कम से कम 33 प्रतिशत महिलाओं को उम्मीदवार बनाते? स्पष्ट है कि महिला आरक्षण का मुद्दा कई बार वास्तविक सामाजिक प्रतिबद्धता से अधिक राजनीतिक लाभ का माध्यम बन जाता है।हालांकि यह भी स्वीकार करना होगा कि राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील और मानवीय बना सकती है। विश्व के अनेक देशों के अनुभव बताते हैं कि जहां महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति बढ़ी है, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल संरक्षण, बाल सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों को अधिक प्राथमिकता मिली है। भारत में पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अनेक महिला सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने गांवों में शिक्षा, स्वच्छता और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे लोकतंत्र अधिक समावेशी बनता है। महिलाओं की उपस्थिति केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का भी प्रश्न है। महिलाएं समाज के उन अनुभवों और समस्याओं को सामने लाती हैं, जिन्हें पुरुष प्रधान राजनीति अक्सर नजरअंदाज कर देती है। घरेलू हिंसा, मातृत्व स्वास्थ्य, कार्यस्थल सुरक्षा, बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को मजबूती तभी मिलती है, जब निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो। लेकिन दूसरी ओर कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनकी चर्चा आवश्यक है। कई बार राजनीतिक दल केवल औपचारिकता निभाने के लिए महिलाओं को टिकट देते हैं। ऐसे मामलों में वास्तविक सत्ता उनके परिवार के पुरुष सदस्यों के हाथ में रहती है। पंचायतों में "सरपंच पति" जैसी प्रवृत्तियां इसका उदाहरण हैं। राजनीति में वंशवाद और परिवारवाद के कारण भी कई योग्य महिलाएं अवसर से वंचित रह जाती हैं, जबकि राजनीतिक परिवारों से जुड़ी महिलाओं को अपेक्षाकृत आसान प्रवेश मिल जाता है। इसलिए केवल आरक्षण पर्याप्त नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र नेतृत्व क्षमता का विकास भी आवश्यक है। एक अन्य चुनौती चुनावी राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण और अत्यधिक खर्च है। भारतीय राजनीति में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा और संघर्षपूर्ण हो गया है। धनबल और बाहुबल की संस्कृति महिलाओं की भागीदारी को सीमित करती है। सामाजिक रूढ़ियां भी बड़ी बाधा हैं। आज भी अनेक परिवार राजनीति को महिलाओं के लिए "उपयुक्त क्षेत्र" नहीं मानते। देर रात की राजनीतिक गतिविधियां, सार्वजनिक आलोचना और चरित्र हनन की आशंकाएं भी महिलाओं को राजनीति से दूर करती हैं। सवाल यह भी है कि क्या केवल आरक्षण से समस्या हल हो जाएगी? संभवतः नहीं। आरक्षण एक आवश्यक शुरुआत हो सकता है, लेकिन इसके साथ सामाजिक सोच में परिवर्तन भी जरूरी है। राजनीतिक दलों को अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को निर्णायक भूमिका देनी होगी। उन्हें केवल चुनावी पोस्टर या प्रचार अभियान तक सीमित रखने की प्रवृत्ति बदलनी होगी। राजनीतिक प्रशिक्षण शिविर, आर्थिक सहयोग और सुरक्षित राजनीतिक वातावरण तैयार करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला प्रतिनिधित्व को दया, उपकार या राजनीतिक मजबूरी के रूप में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखा जाए। जब तक राजनीतिक दल स्वेच्छा से महिलाओं को पर्याप्त अवसर नहीं देंगे, तब तक लोकतंत्र का संतुलन अधूरा रहेगा। यह भी सच है कि महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और संगठित होना होगा। राजनीतिक चेतना और नेतृत्व क्षमता के विकास के बिना केवल संवैधानिक प्रावधान अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना केवल महिलाओं का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का प्रश्न है। यदि आधी आबादी निर्णय प्रक्रिया से बाहर रहेगी, तो लोकतंत्र भी आधा-अधूरा ही रहेगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि महिला सशक्तीकरण केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं आएगा, बल्कि वास्तविक प्रतिनिधित्व और समान अवसरों से आएगा। कथनी और करनी के इस अंतर को समाप्त किए बिना महिला आरक्षण का सपना अधूरा ही रहेगा। निश्चय ही हालिया विधानसभा चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक दलों की महिला हितैषी राजनीति अभी भी बड़े पैमाने पर प्रतीकात्मक है। जब तक महिलाओं को टिकट वितरण, संगठनात्मक नेतृत्व और नीति निर्माण में न्यायसंगत भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक "आधी दुनिया" लोकतंत्र के हाशिये पर ही खड़ी दिखाई देगी।



**विश्लेषण**

# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

**किशन सनमुखदास भावनानी ग**

वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 8 मई 2026 का दिन एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया,जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायक दल की बैठक में शुभेंदुअधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया,विधायक दल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। विधायकों को को पूरा मौका दिया गया कोई दूसरा नाम नहीं आया था ऐसा पर्यवेक्षक ने प्रेस में बताया।प्रस्ताव क्रा समर्थन आठ से अधिक विधायकों सहित कई विधायकों ने किया और सर्वसम्मति से उन्हें नेता चुना गया जिसकी घोषणा पर्यवेक्षक अमित शाह ने की तथा माला पहनाकर उनको गले लगाया, वे अपने पास गृह विभाग रख सकते हैं। संभवतः भाजपा दो उपमुख्यमंत्री वाला मॉडल अपना सकती है,जिसमें एक संभवतः रूपा गांगुली व दूसरा दार्जिलिंग क्षेत्र से बनाने की संभावना है और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश होगी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि मुख्यमंत्री चुनकर एक ऐसे राजनीतिक अध्याय की शुरुआत कर दी हैं,जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक असंभव मानी जाती थी। दशकों तक वामपंथ और फिर तृणमूल कांग्रेस के प्रभुत्व वाले बंगाल में भाजपा का सत्ता तक पहुंचना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि भारत की बदलती राजनीतिक धारा, क्षेत्रीय राजनीति के पुनर्संतुलन और राष्ट्रीय दलों के विस्तार की नई कहानी है। कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक पर केवल भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों की भी नजर थी, क्योंकि यह तय होना था कि आखिर उस ऐतिहासिक जनादेश का नेतृत्व कौन करेगा जिसनेबंगाल की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। अंततः वही हुआ जिसकी राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से चर्चा थी शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया और उनके मुख्यमंत्री बनने का मार्ग औपचारिक रूप से प्रशस्त हो गया। साथियों बात अगर हम इस ऐतिहासिक स्थिति की करें तो यह फैसला केवल एक व्यक्ति के मुख्यमंत्री बनने की कहानी नहीं है,बल्कि यह उस राजनीतिक यात्रा का परिणाम है जिसमें बंगाल की जनता ने लंबे समय से स्थापित सत्ता संरचना को चुनौती देते हुए एक नए विकल्प पर भरोसा जताया। भाजपा को 293 में से 207 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिलना इस बात का संकेत है कि राज्य की राजनीति में व्यापक जनमत परिवर्तन हुआ है। यह जीत सामान्य चुनावी सफलता नहीं मानी जा सकती, क्योंकि बंगाल लंबे समय तक भाजपा के लिए सबसे कठिन राजनीतिक क्षेत्रों में गिना जाता था। ऐसे में शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री चुना जाना भाजपा की रणनीतिक राजनीति, संगठनात्मक विस्तार और बंगाल में क्षेत्रीय भावनाओं को समझने की क्षमता का सटीक परिणाम माना जा रहा है।

साथियों बात अगर कर हम मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक यात्रा को समझने की करें तो भी इस ऐतिहासिक क्षण को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल रहे अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था और तभी से बंगाल की राजनीति में एक बड़े वैचारिक संघर्ष की शुरुआत हो गई थी। नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराने के बाद उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया। 4 में 2026 को रिजल्ट आए इस चुनाव में भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को 15,000 से अधिक वोटों से हराना केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि प्रतीकात्मक राजनीतिक संदेश भी था। यह उस नेतृत्व परिवर्तन का संकेत था जिसमें बंगाल की जनता ने राज्य की राजनीति को नई दिशा देने का फैसला किया।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक दृष्टि से इसे देखकर समझने की करें तो भारी जीत के साथ दर्ज किए गए इस चुनाव में एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीति अपनाई। लंबे समय तक यह आरोप लगाया जाता रहा कि भाजपा बंगाल में बाहरी नेतृत्व पर निर्भर है और उसके पास स्थानीय बंगाली चेहरा नहीं है। लेकिन इस चुनाव में पार्टी ने स्पष्ट रूप से स्थानीय नेतृत्व को केंद्र में रखा। शुभेंदु अधिकारी को चुनाव अभियान का प्रमुख चेहरा बनाना इसी रणनीति का हिस्सा था। भाजपा ने समझ लिया था कि बंगाल जैसे सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील राज्य में केवल राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर सत्ता हासिल करना संभव नहीं होगा। इसलिए बंगाली अस्मिता,क्षेत्रीय गौरव और स्थानीय नेतृत्व को प्रमुखता दी गई।शुभेंदु अधिकारी इस रणनीति के सबसे उपयुक्त चेहरे साबित हुए।

साथियों बात अगर कर हम विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया की करें तो केंद्रीय गृह मंत्री की विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मौजूदगी ने इस फैसले को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया।यह केवल औपचारिक उपस्थिति नहीं थी बल्कि इससे यह संदेश गया कि भाजपा नेतृत्व बंगाल की सत्ता परिवर्तन को राष्ट्रीय राजनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है।अमित शाह लंबे समय से बंगाल भाजपा के विस्तार के प्रमुख रणनीतिकार रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया और राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास किया। विधायक दल की बैठक में उनकी मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि बंगाल में बनने वाली सरकार केवल राज्य की सरकार नहीं बल्कि भाजपा की राष्ट्रीय राजनीतिक परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

साथियों बात अगर हम शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने के पीछे कई राजनीतिक कारण रहे, इसको समझने की करें तो सबसे पहला कारण उनका मजबूत जनाधार है। वे लंबे समय से बंगाल में भाजपा के सबसे आक्रामक नेताओं में गिने जाते रहे हैं। उनकी राजनीतिक शैली सीधे जनसंपर्क और तीखे राजनीतिक हमलों के लिए जानी जाती है। ग्रामीण बंगाल में उनका प्रभाव विशेष रूप से मजबूत माना जाता है। भाजपा को यह एहसास था कि बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से जटिल राज्य में ऐसे नेता की आवश्यकता होगी जो संगठन और जनता दोनों के बीच समान रूप से प्रभावशाली हो।अधिकारी इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरे।दूसरा महत्वपूर्ण कारण उनका राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक समझ है। तृणमूल कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने लंबे समय तक संगठन और सरकार दोनों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। उन्हें बंगाल की प्रशासनिक संरचना,स्थानीय सत्ता समीकरण और क्षेत्रीय सामाजिक संरचना की गहरी समझ है। भाजपा के लिए यह अनुभव अत्यंत उपयोगी माना गया क्योंकि सत्ता परिवर्तन के बाद सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने की होगी। तीसरा बड़ा कारण केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनका मजबूत तालमेल माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमित शाह और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ शुभेंदु अधिकारी के संबंध अत्यंत मजबूत हैं। भाजपा ऐसे राज्य में सत्ता संभालने जा रही है जहां उसे प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर तीव्र चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पार्टी ऐसा मुख्यमंत्री चाहती थी जो केंद्र और राज्य के बीच मजबूत सटीकता से समन्वय स्थापित कर सके।

साथियों बात अगर हम इस राजनीतिक घटनाक्रम का एक भावनात्मक पहलू को समझने की करें तो । हाल ही में उनके करीबी सहयोगी की हत्या ने पूरे चुनावी माहौल को प्रभावित किया था। भाजपा ने इसे राजनीतिक हिंसा और लोकतंत्र पर हमले के रूप में प्रस्तुत किया। इससे शुभेंदु अधिकारी के प्रति सहानुभूति की लहर भी बनी, जिसका चुनावी प्रभाव देखने को मिला। बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा के आरोपों से घिरा रहा है और भाजपा ने इस मुद्दे को अपने चुनाव अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाया। अधिकारी इस राजनीतिक नैरेटिव के केंद्र में रहे।अब जब शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं तो सबसे बड़ी चर्चा नई सरकार की संरचना को लेकर हो रही है। खबरें हैं कि बंगाल में दो उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं ताकि क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन स्थापित किया जा सके। भाजपा समझती है कि बंगाल की राजनीति केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। राज्य में लंबे समय तक स्थायी राजनीतिक आधार बनाने के लिए उसे उत्तर बंगाल, दक्षिण बंगाल, आदिवासी क्षेत्रों, शहरी मतदाताओं और धार्मिक- सामाजिक समूहों के बीच संतुलन बनाना होगा। दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा इसी राजनीतिक रणनीति का सटीक हिस्सा मानी जा रही है।

साथियों बात अगर हम 9 मई 2026 को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में हो रहे शपथ ग्रहण समारोह को समझने की करें तो राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह केवल संवैधानिक प्रक्रिया नहीं बल्कि शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक संदेश देने का मंच भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसमें शामिल होने की संभावना ने इस समारोह को राष्ट्रीय स्तर का महत्व दे दिया है। भाजपा इस शपथ ग्रहण को बंगाल में नई राजनीतिक शुरुआत के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस राजनीतिक परिवर्तन को गंभीरता से देखा जा रहा है।पश्चिम बंगाल भारत कासामरिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है।बांग्लादेश, नेपाल और पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार के रूप में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे में राज्य में सत्ता परिवर्तन का असर केवल स्थानीय राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा। विदेश नीति, सीमा सुरक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय भू-राजनीति पर भी इसके प्रभाव पड़ सकते हैं।आर्थिक दृष्टि से भी भाजपा सरकार के गठन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से उद्योग और निवेश के मामले में बंगाल अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाया था।



## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना तथा अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढऩे से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज घर के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा होगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिल जाएगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

मकर राशिःमकर राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में अभी और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा.

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। वर्कप्लेसल पर आपका काम अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं।

# नवपदस्थ कलेक्टर विश्वदीप ने संभाली जिले की कमान

■ शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 9 मई ।** कलेक्टर श्री विश्वदीप ने पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले के प्रशासनिक कार्यों, विभागीय योजनाओं तथा वर्तमान चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर श्री विश्वदीप ने कहा कि बीजापुर जैसे चुनौतीपूर्ण जिले में कार्य कर रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग पूरी तन्मयता और उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

बैठक में वर्तमान में संचालित सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने मौके पर ही अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

कलेक्टर श्री विश्वदीप ने ÷बस्तर मुन्ने÷ एवं ÷नियद नेल्लानार 2.0÷ अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत सैचुरेशन प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने शिविरों के दौरान पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जनगणना 2026 की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताया।

बैठक में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर एसपी सहित पुलिस व आईटीबीपी के 20 जवानों ने किया रक्तदान

**कोंड़ागांव, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज 8 मई को जिला अस्पताल में रेडक्रॉस सोसायटी शाखा कोंड़ागांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोंड़ागांव पुलिस के जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने स्वयं रक्तदान कर समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रेरित किया। कोंड़ागांव पुलिस के 14 अधिकारी एवं कर्मचारी, आईटीबीपी 29वीं वाहिनी के 6 जवान कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कोंड़ागांव पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने रक्तदान के बाद कहा कि रक्तदान जीवनदान है। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हमारा प्रयास है कि समाज की सेवा में पुलिस हमेशा अग्रणी भूमिका निभाए। मैं सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूँ कि यह अभियान पूरे जिले में और भी अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। रेडक्रॉस सोसायटी शाखा कोण्डागांव के पदाधिकारियों ने पुलिस एवं आईटीबीपी के सक्रिय सहयोग की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया जायेगा। पुलिस का यह प्रयास ÷रक्तदान महादान÷ की भावना को मजबूत करने तथा जिले में रक्त की उपलब्धता बढ़ाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### बधियाकरण से आवारा कुत्तों की संख्या में होगी कमी: संजय पांडेय

**जगदलपुर, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना के तहत विशेष बधियाकरण अभियान की शुरुआत शीघ्र की जाएगी। जिसके तहत शहर के समस्त 48 वार्डों में आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका बधियाकरण किया जाएगा। इसका निरीक्षण करने महापौर संजय पांडेय पूरे टीम के साथ कंगोली स्थित सर्व सुविधायुक्त एबीसी सेंटर पहुंचे। नगर निगम प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य के संचालन की जिम्मेदारी चंडीगढ़ की विशेषज्ञ संस्था स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी को सौंपी है। एजेंसी की विशेषज्ञ टीम नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगी। इसके लिए सर्वप्रथम एक टीम गठित की गई है। जिसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज को बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में हेमंत श्रीवास, डा गीतिका ध्रुव, डॉ अजय बनिक, लुप्तेश जगत को रखा गया है। नगर निगम द्वारा इस अभियान को व्यवस्थित एवं बिना किसी गतिरोध के संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारिया की गई हैं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग निगम के अधिकारी करेंगे। वहीं अभियान को सफ्लतापूर्वक संचालित करने के लिए 10 कर्मचारियों की विशेष टीम तैनात की गई है, जो आवारा कुत्तों को सुरक्षित ढंग से पकड़ने, सेंटर तक पहुंचाने तथा उपचार उपरांत उन्हें वापस पकड़े गये स्थान पर छोड़ने का कार्य करेगी। मालूम हो कि बीते कुछ समय से जगदलपुर शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इसके चलते नागरिकों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा समाधान के रूप में बधियाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है।

### नगर निगम जगदलपुर के रोटरी क्लब में सुशासन तिहार का आयोजन

**जगदलपुर, 9 मई ।** सुशासन तिहार के तहत जिले में शुक्रवार को दो जगहों में सुशासन तिहार की जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दरभा विकासखंड के ग्राम ढोढ़रेपाल एवं बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत मुरकुची में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के तहत आयोजित ढोढ़रेपाल शिविर में सांसद श्री महेश कश्यप और विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की जनहितकारी पहल की सराहना की। जबकि मुरकुची में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा सहित अन्य जिला एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए।

# जनगणना व परिसीमन के नाम पर महिलाओं के हक को रोकना अनुचित: सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 9 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में घरेलू/कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों की वृद्धि के विरोध में व 54× सीटो पर महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ शहर के दलपत सागर समुंद चौंक में विरोध प्रदर्शन किया गया ...

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने केंद्र की भाजपा सरकार से नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने में देरी करना उनके साथ अन्याय है।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है, लेकिन वर्तमान सरकार परिसीमन और जनगणना की शर्तों के पीछे छिपकर इस महत्वपूर्ण सुधार को भविष्य के लिए टाल रही है। 54× लोकसभा सीटों और सभी रा'यों की विधानसभाओं में ××त्न आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाए। जनगणना और परिसीमन के नाम पर महिलाओं के हक को रोकना अनुचित है। सरकार को इ'छाशक्ति दिखाते हुए इसे आगामी चुनावों से ही प्रभावी बनाना चाहिए।श्री मौर्य ने कहा कहा कि केवल विज्ञापनों में ÷नारी शक्ति÷ की बात करना पर्याप्त नहीं है; असल सम्मान तब होगा जब सदन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। भाजपा सरकार को अपनी मंशा साफकरनी चाहिए और इसे तत्काल धरातल पर उतारना चाहिए।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मौर्य ने आगे कहा बेरोजगारी,बढ़ती कीमतें और किसानों की समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं।पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं पहले से मंहगी है और रसोई गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों वृद्धि कर जनता की जेब काट रही है सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है। मध्यम वर्ग,किसान,मजदूर और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आम नागरिक बड़ती महंगाई की मार झेलने को मजबूर हैं। सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफ्ल रही है।मोदी सरकार ने आज कमर्शियल स्क्र्क्ल सिलेंडर के दाम में एक मुश्त ?99× की अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर दी है, जबकि गरीब, प्रवासी मजदूरों और छोटे परिवारों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो सिलेंडर के दाम भी ?261 बढ़ा दिए गए हैं।बीते पांच माह में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में कुल ?1510 की वृद्धि हो चुकी है इस नई बढ़ोतरी से मंदी की मार झेल रहे उद्योगों और रोजगार संकट से जूझ रहे मजदूरों पर और गहरा संकट मंडराएगा।इस सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए गैस सिलेंडर भरवाना दिन-प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। सिर्फऔर सिर्फपूंजिपतियों को लाभ पहुंचाने वाली भाजपा सरकार जनता की समस्याओं को हमेशा नजरअंदाज कर केवल अपने मित्रों उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का ही कार्य कर रही है।आम परिवारों का बजट दिनों दिन लगातार बिगड़ता जा रहा है मगर सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट मांग है कि पेट्रोल डीजल व आवश्यक वस्तुओं सहित घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को नियंत्रण कर आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठया जाएं।अन्यथा कांग्रेस पार्टी और भी उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी।

# जनता के हित में कटिबद्धता के साथ काम कर रही हमारी सरकार : किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,9 मई।** शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र में रोटरी क्लब में आयोजित सुशासन तिहार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। सरकार जनता के लिए सतत् कार्य कर रही है। समाधान शिविर में हमारी देवतुल्य जनता की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है । हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सोच सरकार देवतुल्य जनता के पास जायें जिसका सशक्त माध्यम समाधान शिविर होता है । इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सरकार का दृढ़ संकल्प है जनता के ज्यादा से ज्यादा मामले का तत्काल निराकरण हो। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। श्री देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। श्री किरण देव ने कहा क्षेत्र का विकास करना एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। श्री किरण देव ने कहा जगदलपुर शहर में जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य लगातार किया जा रहा है। करोड़ों के विकास कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। जो जनता का जुड़ाव इन शिविरों में होने के साथ ही उनकी व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। विधायक श्री किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं और उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं।

# 11 नवीन सामुदायिक तालाबों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,9 मई।** जिला पंचायत बस्तर ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास और जल प्रबंधन की दिशा में एक बड़ी पहल की है। जिला प्रशासन द्वारा नवा तरीया-आय का जरिया अभियान के तहत जिले के विभिन्न जनपदों में कुल 11 नवीन सामुदायिक तालाबों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना का मुख्य विजन गांवों को जल समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके लिए वर्षा जल संचयन की प्रभावी व्यवस्था विकसित कर भू-जल संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इन तालाबों का निर्माण स्थानीय स्तर पर न केवल जल संकट को दूर करेगा, बल्कि ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। प्रशासन का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और महिला स्व-सहायता समूहों को इस प्रक्रिया का हिस्सा बनाकर मत्स्यपालन एवं सिंचाई जैसी गतिविधियों से आजीविका के नए अवसर सृजित करना है। इस अभियान के तहत तोकापाल जनपद के भेजरीपदर (पाण्डुपारा) में 19 लाख 56 हजार रुपये और बास्तानार के कोड़ेनार में 19 लाख रुपये की लागत से तालाब निर्माण की स्वीकृति दी गई है. इसी क्रम में लोहण्डीगुड़ा के तारागांव और तोयर, दरभा के बड़ेकड़मा, बस्तर के मधोता व सोरगांव, बकावण्ड के वनकोमार तथा जगदलपुर के कुम्हली (जीरागांव) जैसे क्षेत्रों में भी लाखों की लागत से कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 9 मई।** ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और शासन की योजनाओं को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाने की दिशा में आज शुक्रवार को बस्तर विकासखंड की ग्राम पंचायत बाकेल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। यहां नवनिर्मित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का भव्य शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस केंद्र की स्थापना से अब बाकेल और आस-पास के ग्रामीणों को ऑनलाइन सेवाओं, बैंकिंग कार्यों और सरकारी दस्तावेजों के लिए लंबी दूरी तय कर शहर जाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल और जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्रीमती वेदवती कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र न केवल तकनीकी प्रगति का प्रतीक है, बल्कि यह ग्रामीणों के समय और धन की बचत करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत स्तर पर शुरू हुई यह सुविधा पारदर्शिता लाने और जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल और जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान ने भी ग्रामीणों को इस नई सुविधा की बधाई दी और केंद्र के संचालन के लाभों पर चर्चा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्राम विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। उद्घाटन के साथ ही केंद्र में डिजिटल सेवाओं का संचालन शुरू कर दिया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# सुशासन तिहार में मोटली सोढ़ी को पहली बार मिले सरकारी दस्तावेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 मई।** जिले के दरभा विकासखंड के ग्राम ढोढ़रेपाल में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जहां मोटली सोढ़ी को जीवन में पहली बार सरकारी दस्तावेज प्राप्त हुए। ग्राम छोटे गुडरा डिलमिली निवासी मोटली सोढ़ी (पति श्री बोंजा सोढ़ी) के पास अब तक कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं था। दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सुशासन तिहार शिविर में जब अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली, तब तत्काल पहल करते हुए पंचनामा तैयार कराया गया और मौके पर ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर मोटली सोढ़ी का जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी शिविर में ही पूरी की गई।

सरकारी दस्तावेज मिलने के बाद मोटली सोढ़ी के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि अब उन्हें भी शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। शिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन न केवल समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई आशा और विश्वास भी जगा रहा है।

# नम आंखों से दी गई कलेक्टर संबित मिश्रा को विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 9 मई।** जिला मुख्यालय में कलेक्टर संबित मिश्रा को गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भावुक नजर आए। बीजापुर जैसे माओवादी प्रभावित और चुनौतीपूर्ण जिले में उनका कार्यकाल प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और यादगार माना जा रहा है। बीजापुर जिले के अधिकांश सुदूर इलाकों तक कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, लेकिन कलेक्टर संबित मिश्रा के कार्यकाल में विकास और विश्वास की नई पहल देखने को मिली। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बेहतर समन्वय और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली के जरिए जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व श्री संदीप बलगा तथा अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने संबोधित करते हुए उनका कार्यकाल को जिले के लिए प्रेरणादायक बताया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी हमेशा प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी भावुक दिखाई दिए और नम आंखों से उन्हें विदाई दी। अपने संबोधन में कलेक्टर श्री मिश्रा ने बीजापुर में बिताए कार्यकाल को जीवन का स्वर्णिम समय बताया। उन्होंने जिले की उपलब्धियों का श्रेय जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस विभाग तथा मैदानी अमले की टीम भावना और मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि बीजापुर में कार्य करते हुए उन्हें जनता का स्नेह और सहयोग हमेशा मिलता रहा, जो उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। समारोह के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके सरल व्यवहार, कार्य के प्रति समर्पण और विकासोन्मुख सोच को याद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बीजापुर ने अपने लोकप्रिय कलेक्टर को भावुक माहौल में विदाई दी। जहां हर आंख नम और हर शब्द सम्मान से भरा दिखाई दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जनसंपर्क अधिकारी दिनेश नेताम, एसडीएम उत्तम सिंह पंचारी, जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण समस्त एसडीएम डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत सहित जिला कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सुदूर क्षेत्र पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने लिया बुनियादी सुविधाओं और निर्माण कार्यों का जायजा

**बीजापुर 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के उसूर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों का कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने दौरा कर विभिन्न विकास कार्य एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।



बुधवार को आयोजित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान ग्राम छुटवाही में संचालित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली गई। सर्वे के दौरान शत-प्रतिशत सैचुरेशन के आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम कोंडापल्ली में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित एसडीएम भूपेन्द्र गावरे को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशासन द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पहुंच बनाकर विकास कार्यों की निगरानी एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्राम सरवानी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 20 ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में आयोजित सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। इसी क्रम में खरसिया विकासखंड के ग्राम सरवानी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां 20 ग्राम पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में लोगों का उत्साह देखते ही बना और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन की इस पहल की सराहना की।




सरवानी शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 750 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत पहुंचाई गई। शेष आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज कर शासन एवं प्रशासन स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा सके। शिविर में सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को सिकल सेल प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए। जनपद पंचायत के माध्यम से पांच हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। लाभ मिलने पर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्हें प्रतीकात्मक रूप से चाबी एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म संपन्न कर उन्हें पोषण सामग्री प्रदान की गई। बिहान योजना अंतर्गत आरती स्व-सहायता समूह को 3.50 लाख रुपए का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही 6 स्व-सहायता समूहों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। श्रम विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरित किए गए, वहीं पीएचई विभाग द्वारा पांच ग्राम पंचायतों को एफटीके किट प्रदान की गई। उद्यान विभाग द्वारा हितग्राहियों को फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य सुविधा, आवेदन जमा करने हेतु सर्वसुविधायुक्त व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन को आमजन के और करीब लाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है।

सुशासन तिहार अंतर्गत 11 मई 2026 सोमवार को घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत घरघोड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में क्षेत्र की 21 ग्राम पंचायतों के आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से जिले में लगातार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना एवं लाभान्वित हितग्राहियों से फीडबैक प्राप्त करना है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया श्री कमल गर्ग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी राठिया, उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गवेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री रविन्द्र गबेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुशासन तिहार में कार्तिकराम गबेल को प्रदान की गई ट्रायसाइकिल



**रायगढ़, 9 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आयोजित सुशासन तिहार जरूरतमंदों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। खरसिया विकासखंड के ग्राम सरवानी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में दिव्यांग हितग्राही कार्तिकराम गबेल को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। कार्तिकराम को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने पर समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें मौके पर ही ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्रायसाइकिल मिलने से कार्तिकराम ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, तहसीलदार खरसिया, जनपद पंचायत सीईओ श्री पवन पटेल, प्रभारी उपसंचालक समाज कल्याण श्री सुशील सिंह उपस्थित रहे।

### पूंजीपथरा में औद्योगिक सुरक्षा कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़, 9 मई।** कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा पूंजीपथरा स्थित जिंदल एसएसडी प्लांट में औद्योगिक सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना तथा कार्यस्थलों पर दुर्घटना की संभावनाओं को न्यूनतम करना रहा। कार्यशाला में पूंजीपथरा क्षेत्र की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कारखाना प्रबंधक एवं सेफ्टी ऑफिसर उपस्थित रहे। इनमें जिंदल स्टील लिमिटेड एसएसडी डिवीजन, एनआर टीएमटी, एनआर फेरो, माशिवा स्टील, आरएस इस्पात, नर्मदा आयरन, सुनील इस्पात, बालाजी इस्पात, वीए पावर, ओरियन फेरो, सद्गुरु इस्पात, राधे गोविंद स्टील, वेजरॉन, एआर इस्पात, तिरुमला बालाजी सहित अन्य उद्योग शामिल रहे। कार्यशाला में औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सुरक्षित कार्यपद्धति अपनाने, मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करने, कार्यस्थल पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही मशीनों की समय-समय पर तकनीकी जांच कराने एवं नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधियों ने कार्यस्थलों को अधिक सुरक्षित बनाने तथा 'जीरो हार्म' की अवधारणा को व्यवहार में लागू करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राहुल पटेल, उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा किया गया।

### सुशासन तिहार से जीवन लाल के जीवन में उम्मीद की नई किरण

**धमतरी, 9 मई ।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार कई जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इसी क्रम में कुरूद विकासखंड के ग्राम सिवनीकला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर दिव्यांग जीवन लाल साहू के लिए नई उम्मीद और आत्मविश्वास का माध्यम बन गया। ग्राम सिवनीकला निवासी जीवन लाल साहू बचपन से ही दोनों पैरों की गंभीर दिव्यांगता से पीड़ित हैं। चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण उन्हें वर्षों से घुटनों के बल चलकर अपने दैनिक कार्य करने पड़ते थे।

छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी और अपने परिवार के साथ जीवनयापन में निरंतर सहयोग करते रहे।जीवन लाल के परिवार के पास लगभग दो एकड़ कृषि भूमि है, जिसकी देखरेख में वे अपनी क्षमता अनुसार योगदान देते हैं। शासन की ओर से उन्हें प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन के रूप में 500 रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है। साथ ही राशन कार्ड के माध्यम से 35 किलो चावल भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिल रहा है।

# सुशासन तिहार में साकार हुए आशियानों के सपने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 मई ।** ग्रामीण परिवारों के जीवन में सुरक्षित और सम्मानजनक आवास केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की नींव होता है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ऐसे ही अनेक परिवारों के सपनों को नया आकार मिल रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड पुसौर के ग्राम औरदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को उनके नए पक्के घर की चाबी सौंपी गई और विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सुकूलभठली के संतराम, माला प्रधान और रामकुमार चौहान, ग्राम पंचायत जकेला की चंद्रमा गुप्ता, ग्राम पंचायत औरदा के जयंती साव और अहिल्या पाव को उनके सपनों के आवास की सौगात मिली। वर्षों तक कच्चे मकानों में कठिन परिस्थितियों के बीच जीवन बिताने वाले इन परिवारों के चेहरे पर अपने नए पक्के घर को देखकर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। ग्राम पंचायत सुकूलभठली के हितग्राही रामकुमार चौहान ने भावुक होकर बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। बरसात के दिनों में घर में छप्पर से पानी टपकता था और परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब पक्का मकान मिलने से उनका परिवार सुरक्षित और बेहतर वातावरण में रह रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अब वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है।इसी तरह अन्य हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके लिए केवल मकान नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। नए घर मिलने से बच्चों की पढ़ाई, परिवार की सुरक्षा और दैनिक जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित शिविरों का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। इसी कड़ी में औरदा शिविर में विभिन्न विभागों की समस्याओं का निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम: कलेक्टर

**रायगढ़, 9 मई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ रायपुर तथा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारियों के लिए आयोजित आवासीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 6 मई से 12 मई तक वैदिक स्कूल परिसर में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी शामिल हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार चौहान एवं कुलसचिव डॉ. तरुणधर दीवान ने पुष्पगुच्छ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का बैच लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. विनय कुमार चौहान ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और युवाओं में सामाजिक चेतना विकसित करने की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वही युवाओं को रासेयो से जोड़कर उनमें सामाजिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री सवेतनिक इंटर्नशिप योजना की भी जानकारी दी और अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला जांजगीर-चांपा के जिला संगठक श्री बी.के. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के लिए वार्षिक गतिविधि कैलेंडर तैयार करने, अंतरराष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम, राष्ट्रीय, राज्य, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर की सलाहकार समितियों के गठन और उनके कार्यों सहित सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। भोजन अवकाश के पश्चात आयोजित सत्र में शासकीय महाविद्यालय बेलतरा के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवदयाल पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक गीतों के महत्व और उनके प्रभावी गायन के संबंध में जानकारी साझा की। वहीं शासकीय ई.वी.पीजी कॉलेज कोरबा के गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री अजय पटेल ने देशी खेलों के माध्यम से मानवीय भावनाओं और सामाजिक समरसता के विस्तार पर व्याख्यान दिया।

### घोघरा डेम में हाथी शावक की डूबने से मौत, वन विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

**रायगढ़, 9 मई।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत सिंघीझाप स्थित घोघरा डेम में लगभग 6 माह आयु के एक हाथी शावक की डूबने से मृत्यु होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 मई 2026 को लगभग 20 हाथियों का दल बोजिया परिसर के कक्ष क्रमांक 516 आर.एफ. में विचरण कर रहा था, जो शाम लगभग 5.30 बजे से 6.30 बजे के बीच सिंघीझाप परिसर के कक्ष क्रमांक 502 आर.एफ. की ओर बढ़ा। देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच यह दल घरघोड़ा परिक्षेत्र से वापस लौटकर घोघरा डेम के पानी में उतरा, जहां संभवतः इसी दौरान शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद दल के 15 हाथी लोटान क्षेत्र की ओर चले गए, जबकि शेष 5 हाथी, जिनमें एक नर, तीन मादा एवं एक शावक शामिल थे, कक्ष क्रमांक 502 में ही रुके रहे।

# रेडक्रॉस की सेवाओं को अधिक प्रभावी, त्वरित एवं जनसुलभ बनाने कार्ययोजना

**रायगढ़, 9 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने की। इस दौरान कलेक्टर ने रेडक्रॉस की सेवाओं को अधिक प्रभावी, त्वरित एवं जनसुलभ बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र के जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलन के आधार पर मांग पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने केजीएच रायगढ़ स्थित रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर को पुनः प्रारंभ करने तथा तहसील स्तर पर भी रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर संचालित करने पर जोर दिया। साथ ही रेडक्रॉस से संबंधित परिसरों एवं संसाधनों को चिन्हांकित कर सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रायगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी जिले में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने तथा आपदा, दुर्घटना एवं जरूरत के समय रेड क्रॉस को तत्परता से आगे बढ़कर सेवा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनांट के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष श्री अभिजीत बबन पठारे, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। चेयरमेन श्री मुकेश शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए रेडक्रॉस की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राज्य प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल ने सर हेनरी ड्यूनांट के मानवतावादी योगदान एवं रेडक्रॉस आंदोलन के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि भारत में रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी तथा वर्तमान में देशभर में इसकी लगभग 1100 शाखाएं संचालित हैं। बैठक में सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने गत वर्ष संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, राहत कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। वहीं कोषाध्यक्ष श्री रामनिवास मोड़ा ने वर्षभर के आय-व्यय का प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रभारी अधिकारी डॉ. एच.एस. उरांव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अविनाश गुप्ता एवं डॉ. गुलशन सिदार द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार तथा सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया गया। अंत में वाइस चेयरमेन सीए श्री संतोष टिबरेवाल ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. भानूप्रताप पटेल, डॉ. केनन डेनियल, श्री बी.के.सिंह, श्री अनिल अग्रवाल, प्रो. अम्बिका वर्मा, श्री दिनेश अग्रवाल सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### दो दोस्तों ने युवक के साथ की मारपीट, चाकू से हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मई।** खुर्सीपार थाना अंतर्गत 13 वें दिन पूर्व रात में दो दोस्तों ने एक युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को टोक दिया इससे गुस्साए आरोपी ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया इलाज के दौरान



सुनील की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया इस से पहले रजत कुशवाहा की भी मौत हो चुकी है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर में 25 अप्रैल की रात करीब 9.30 रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील कन्हायी को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। दोनों गांधी विद्यालय के पास पहुंचे थे, तभी उन्होंने देखा कि गोलू सिंह एक लड़के को बैट से मार रहा है। रजत और सुनील ने बीच-बचाव करते हुए उसे रोकने की कोशिश की। इसी बात पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने चाकू निकाल लिया और दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रजत के पेट और सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुनील के सीने, पेट और पीठ पर वार किए गए। घटना के बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल सुपेला के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर दोनों को रामनगर स्थित स्पर्श अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को रजत ने दम तोड़ दिया। वहीं, सुनील का इलाज जारी है चाकूबाजी की घटना सामने आने के बाद ही पुलिस ने आरोपी गोलू सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं अब इलाज के दौरान सुनील ने भी दम तोड़ दिया है

### सूदखोर महिला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के पुलिस ने सूदखोर महिला को गिरफ्तार किया है सूदखोर महिला दस्तावेज व अन्य सामग्री गिरवी रख ब्याज पर रुपए देती थी 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक ब्याज वसूलने व मूलधन लेने के बाद भी लोगों के दस्तावेज नहीं लौटाती थी इस मामले में पीडित की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया कर्जा अधिनियम एवं बीएनएस की धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई कर सूदखोर महिला को रिमांड पर भेजा गया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में रशीदा बानों निवासी फरीद नगर, सुपेला द्वारा थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थिया ने बताया कि आरोपिया मुस्कान उर्फ तब्बसुम शेख निवासी सुपेला द्वारा लोगों को ब्याज में रकम उधार दी जाती थी तथा उनसे 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक अत्यधिक ब्याज वसूला जाता था। शिकायत में बताया गया कि मूल रकम वापस मिलने के बाद भी आरोपी द्वारा उधार देने के एवज में रखे गए दस्तावेज एवं कागजात वापस नहीं किए जा रहे थे। दस्तावेज मांगने पर आरोपी द्वारा गाली-गलौच कर झूठे प्रकरण में फंसाने एवं जान से मारने की धमकी दी जाती थी आरोपी द्वारा प्रार्थिया के परिचित ललिता हियाल, स्वाधिका रावत एवं अन्य लोगों को भी इसी प्रकार डरा-धमकाकर प्रताड़ित किया जा रहा था प्रार्थिया की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने धारा 296, 308(2) बीएनएस एवं कर्जा अधिनियम की धारा 04 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी मुस्कान उर्फ तब्बसुम शेख को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**रायगढ़, 9 मई ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशवासियों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित होगा। अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों एवं औषधियों की गुणवत्ता जांच के साथ आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इसी क्रम में शुक्रवार 8 मई को जिला स्तरीय स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक एब्यूज के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे और दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। रायगढ़ जिले में नशा मुक्त भारत अभियान÷के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित इस रैली में विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।



### ओपी चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रायगढ़ जिले में 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता, सादगी और दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश है : ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 मई।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने शुक्रवार को रायगढ़ के पटेलपाली कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 150 नव दाम्पत्य जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, सादगी, संस्कार और पारिवारिक सौहार्द का भाव देखने को मिला।



जिले में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के तहत रायगढ़ में 45, खरसिया विकासखंड में 15, बंजारी धाम खरसिया में 30, लैलूंगा विकासखंड में 30 तथा धरमजयगढ़ में 30 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। सभी आयोजन स्थलों पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आकर्षक और व्यवस्थित तैयारियां की गई थीं। विवाह मंडपों को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था तथा वर-वधू एवं उनके परिजनों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। मुख्य आयोजन में पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल विवाह कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला एक बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रभावी संदेश देते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार को आर्थिक अभाव के कारण बेटी के विवाह में कठिनाई का सामना न करना पड़े। अपने संबोधन में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सरकार की पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा अब व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें से 35 हजार रुपये सीधे हितग्राही के बैंक खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजे जा रहे हैं, ताकि बिचौलियों की कोई गुंजाइश न रहे और वास्तविक हितग्राही को पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शेष राशि वर-वधू के परिधान, आवश्यक सामग्री तथा विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय की जाती है। राज्य सरकार की यह पहल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इस अवसर पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी ÷रानी दुर्गावती योजना÷ का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ कर रही है। इसके तहत बेटी के जन्म पर पंजीयन कराने के बाद, उसके 18 वर्ष पूर्ण होने पर शासन की ओर से डेढ़ लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्त भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने नवविवाहित 45 दुल्हनों को स्वेच्छानुदान मद से 5-5 हजार रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद यह राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जाएगी। उन्होंने आयोजन में सहभागी रहे गायत्री परिवार की सराहना करते हुए कहा कि गायत्री परिवार समाज में संस्कारों के बीजारोपण, शिक्षा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्य कर रहा है।

## एक नजर

### माटी के स्वाद - स्वाभिमान के साथ कार्यक्रम 10 मई को रायपुर में

**तिल्दा नेवरा 9 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक जीवनशैली, खानपान और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माटी के स्वाद : स्वाभिमान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 10 मई 2026, रविवार को छत्तीसगढ़ अग्रवाल भवन में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगा।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों, लोकसंस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली की विशेष झलक देखने को मिलेगी। आयोजन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, खानपान और सामाजिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार माटी के स्वाद : स्वाभिमान के साथ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और पारंपरिक खानपान से जोड़ना है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक देसी भोजन और सामाजिक एकता के संदेश को भी बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

### रेत का अवैध भण्डारण व परिवहन करने पर 2 माजदा जप्त

**राजनांदगांव 9 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा कुमरदा एवं डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम मोतीपुर, नांदिया, धनगांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मोतीपुर स्थित शिवनाथ नदी से रेत खनन कर लगभग 500 मीटर दूरी पर पानी टंकी के पास लगभग 18 ट्रिप माजदा में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया। क्षेत्र में अवैध भण्डारण से रेत का परिवहन करने पर 2 माजदा जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। खनि अधिकारी ने बताया कि मोतीपुर कुमरदा निवासी लोकेश निर्मलकर के स्वामित्व के माजदा सीजी 04 आरएल 7909 से वाहन चालक रेखचंद एवं मोतीपुर कुमरदा निवासी शंकर देवांगन के स्वामित्व के माजदा सीजी 09 जेसी 0764 से वाहन चालक सोमेश नायक द्वारा रेत का अवैध भण्डारण से परिवहन करने पर कार्रवाई की गई। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### बोर्ड के परीक्षा परिणामों ने पालकों एवं बच्चों का दिल जीता




**राजनांदगांव , 9 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी जिले के कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम विगत दिनों घोषित किए गए । दो वर्ष पूर्व स्थापित एनएसएम पब्लिक स्कूल , अंबागढ़ चौकी के दो विद्यार्थी उक्त बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए । दोनों ही विद्यार्थियों ने अच्छी सफलता प्राप्त की और 94 तथा 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए । एनएसएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि संस्था में पहली बोर्ड परीक्षा आयोजित हुई , जिसमें दो छात्राओं ने पांचवीं बोर्ड की परीक्षा दी । घोषित परिणामों में संस्था की छात्रा रितिका साहू पिता हेमंत / वीणा साहू ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए । इसी तरह अलिजा खान पिता जावेद अहमद / शबनम नाहिद खान ने 94 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल की गुणवत्ता शिक्षा का परिचय दिया । संस्था के शिक्षक / शिक्षिकाओं ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं । नांदगांव शिक्षा मंडल , राजनांदगांव के अध्यक्ष सुरेश एच लाल सहित सभी पदाधिकारियों ने पहले बोर्ड परिणाम के उत्कृष्ट होने पर संस्था में कार्यरत शिक्षकों को हृदय से साधुवाद दिया ।

# खनिज अधिकारी बनकर वसूली करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 9 मई।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्रीमती अंकिता शर्मा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों एवं अवैध वसूली करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा फर्जी माईनिंग अधिकारी बनकर वसूली करने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की गई। दिनांक 07.05.2026 को थाना डोंगरगांव में प्रार्थी रामसिंह राजपूत पिता डेरा सिंह राजपूत, निवासी ग्राम दर्री, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ट्रांसपोर्टिंग एवं जेसीबी कार्य का व्यवसाय करता है। प्रार्थी द्वारा ग्राम आमगांव स्थित किसान यशवंत साहू के खेत में जेसीबी एवं ट्रैक्टर के माध्यम से खेत मरम्मत एवं मिट्टी समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा था। कार्य के दौरान दोपहर लगभग 02:58 बजे स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 पीएन 1413 में सवार तीन व्यक्ति रवि शर्मा, रेहाना बेगम एवं शेख अरमान मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने स्वयं को माईनिंग विभाग का अधिकारी बताते हुए प्रार्थी एवं उसके ड्राइवर तनुज कुमार को अवैध खनन करने का आरोप लगाकर डरा-धमकाया तथा कार्यवाही एवं बदनाम करने की धमकी देकर 10,000 रुपये की मांग की। भयवश प्रार्थी द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से आरोपी के मोबाइल नंबर पर 6,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए कुमरदा पेट्रोल पंप के पास उक्त स्विफ्ट वाहन में सवार तीनों संदिग्ध रवि शर्मा, रेहाना बेगम एवं शेख अरमान व्यक्तियों को पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा पुछताछ करने पर रेहाना बेगम द्वारा खुद को पत्रकार बताया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 204 ,308(2), 3(5) बीएनएस मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, उप निरीक्षक पुष्पराज साहू, सउनि अनिल यादव यादव एवं आरक्षक हेमंत सुर्यवंशी, आरक्षक बीसराम वर्मा, महिला आरक्षक अभिलाषा सिंह, महिला आरक्षक राजकुमारी रत्नाकर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।राजनांदगांव पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि कोई भी व्यक्ति यदि स्वयं को शासकीय अधिकारी बताकर अवैध वसूली अथवा धमकी देता है तो तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दें। पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# बस्तर का वेस्ट-अब बनेगा बेस्ट

## छिंद के बीजों से तैयार होगी कैफीन मुक्त हर्बल कॉफी

**रायपुर, 9 मई।** बस्तर के नैसर्गिक सौंदर्य और समृद्ध संसाधनों के बीच अब एक नई और सुगंधित क्रांति आकार ले रही है, जिसका श्रेय दंतेवाड़ा जिले के बचेली निवासी युवा उद्यमी विशाल हालदार को जाता है। बीकॉम और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की शिक्षा प्राप्त करने वाले विशाल ने अपनी जड़ों से जुड़े रहने और कुछ नया करने की चाह में छिंद (खजूर की एक स्थानीय प्रजाति) के उन बीजों से हर्बल कॉफी तैयार की है, जिन्हें अब तक बस्तर में पूरी तरह व्यर्थ समझा जाता था। इस अभिनव प्रयोग के पीछे विशाल का उद्देश्य न केवल बेकार पड़े प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करना है, बल्कि कॉफी के उन शौकीनों को एक स्वस्थ विकल्प प्रदान करना है जो स्वाद तो चाहते हैं लेकिन कैफीन के दुष्प्रभावों से बचना चाहते हैं। विशाल का यह सफर करीब दो वर्षों के गहन शोध और प्रयोगों का परिणाम है, जिसमें उन्होंने इंटरनेट की मदद और स्थानीय समझ का बखूबी तालमेल बिठाया है। विशाल की इस नवाचार को इनोवेशन महाकुंभ में प्रथम स्थान मिला,





जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस हर्बल कॉफी की सबसे प्रभावशाली विशेषता इसका पूरी तरह से कैफीन मुक्त होना है, जबकि इसमें छिंद के प्राकृतिक गुणों के कारण प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। विशाल का मानना है कि अधिकांश लोग केवल मानसिक सक्रियता के लिए ही नहीं, बल्कि कॉफी के अनूठे स्वाद और उसकी आदत के कारण इसका सेवन करते हैं, और उनकी यह खोज इसी वर्ग को ध्यान में रखकर की गई है। इस नवाचार को तब बड़ी पहचान मिली जब विशाल ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ में अपना स्टॉल लगाया। वहाँ प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और आम जनता ने इस कॉफी का स्वाद चखा और इसकी खूब सराहना की। विशाल केवल एक उत्पाद बनाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के यूथ अप फाउंडेशन के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनके इस आइडिया से बस्तर के ग्रामीणों को रोजगार मिले और गांवों और जंगल से मिलने वाले छिंद के बीजों से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी भी टेस्टिंग और विकास के दौर में है और इसका आधिकारिक लॉन्च होना बाकी है, लेकिन विशाल के इस अटूट प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि यदि दृष्टि स्पष्ट हो तो स्थानीय वेस्ट को भी वैश्विक स्तर के बेस्ट उत्पाद में बदला जा सकता है। आने वाले समय में यह हर्बल कॉफी न केवल बस्तर की पहचान बन सकती है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दुनिया के लिए एक अनूठा उपहार भी साबित हो सकती है।

# नगर पालिका परिषद में राजनीतिक हलचल तेज

**तिल्दा नेवरा ९ मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका परिषद में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नगर पालिका उपाध्यक्ष को पद से हटाने को लेकर भाजपा पार्षदों की मुहिम अब खुलकर सामने आने लगी है। जानकारी के अनुसार भाजपा समर्थित पार्षदों ने इस संबंध में बलौदा बाजार विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात कर अपनी नाराजगी व्यक्त की तथा उपाध्यक्ष को हटाने की मांग संबंधी आवेदन सौंपा। सूत्रों के अनुसार हाल ही में सिंधी पंचायत भवन में आयोजित सरपंच एवं पार्षद सम्मान समारोह के दौरान यह मामला प्रमुखता से चर्चा में रहा। कार्यक्रम के बीच भाजपा पार्षदों ने बंद कमरे में बैठक कर संगठन एवं पालिका की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। बताया जा रहा है कि कुछ पार्षद नगर पालिका के कार्य संचालन एवं समन्वय को लेकर असंतोष जता रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर भाजपा संगठन स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से किसी पार्षद या संगठन पदाधिकारी द्वारा खुलकर बयान जारी नहीं किया गया है। नगर पालिका की राजनीति में अचानक बढ़ी इस सक्रियता को आगामी राजनीतिक समीकरणों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर भाजपा पार्षदों के बीच चल रही रणनीति को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इस को लेकर बीजेपी के पार्षद लगातार विश्राम गृह में बैठक ले चुके है उल्लेखनीय रहे तिल्दा नेवरा नगर पालिका में बीजेपी के महिला अध्यक्ष ओर उपाध्यक्ष है लेकिन कुछ ही महीनों में पार्षद ओर उपाध्यक्ष के बीच आपसी समन्वय कम दिखा है हालांकि उपाध्यक्ष वैसे भी नगर पालिका में कम दिखाई देती है एका एक बीजेपी पार्षदों ने महिला उपाध्यक्ष के खिलाफ जो आवेदन दिया उसको लेकर कांग्रेसी नजर बनाए है अब देखना है कि बीजेपी पार्षदों के विरोध से उपाध्यक्ष की कुर्सी बच ती है या नहीं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बालोद जिला- बालोद (छ.ग.)

-:ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना:-

**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक/495/लो.नि.वि./न.पा./2026 बालोद दिनांक-08/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला खनिज न्यास संस्थान मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 190598 | खेल गतिविधियों को बढ़ावा हेतु क्रिकेट बॉक्स निर्माण कार्य | 28.74 | 01-6-2026 17.30 IST |

टीप:- अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालोद**

# जनगणना प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य वार्डो में जारी

**राजनांदगांव 9 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनगणना 2027 प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य निगम सीमाक्षेत्र में 1 मई 2026 से प्रारंभ हो गया। मकान सूचीकरण कार्य 337 ब्लाक में 56 सुपरवाईजर एवं 337 प्रगणको के द्वारा घर घर जाकर मोबाईल के एच.एल.ओ. एप के द्वारा 32 कालम में मकान की स्थिति, परिवार की जानकारी, उपलब्ध सुविधाए और परिवार में मौजुद परिसम्पत्तियो की जानकारी ली जा रही है। नगर जनगणना अधिकारी एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। नगर निगम सीमांतर्गत वार्ड क्रमांक 20 सर्कल क्र. 20 के



ब्लाक नं. 0085 में आज सबसे पहले मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्रगणक श्रीमती चन्द्रवली साहू को बधाई दिये। उन्होने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के महत्व को समझ श्रीमती साहू द्वारा जिम्मेदारी से निष्ठा पूर्वक कार्य कर अपने ब्लाक का मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया गया जो अनुकरणीय है।

उन्होने सभी प्रगणकों एवं सूपरवाईजरों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा है कि जनगणना के प्रथम चरण के कार्य सही तरीके से होने से ही आगे चरण के कार्य में अच्छे से पूर्ण होंगे इसलिए प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य सावधानी पूर्वक सही तरीके से संपादित किया जाये।

# विशु अजमानी के नेतृत्व में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का जोरदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 मई।** आज उस वक्त राजनीतिक और सामाजिक माहौल खासा उत्साहपूर्ण हो गया जब भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव से मुलाकात करने पहुंचे। उनके आगमन पर शहर के इमाम चौक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के राजनांदगांव पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इमाम चौक में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उन्हें फूल मालाओं से लादकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने किया। इस दौरान कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक चन्नी साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, जिला महासचिव राहुल तिवारी और युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मानव देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में युवाओं की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली जिन्होंने पूरे जोश और



उत्साह के साथ स्वागत समारोह को सफल बनाया। इनमें संजय साहू, शुभम कसर, जयप्रकाश साहू, विष्णु साहू, निखिल रामटेके, तौसीफरज़ा, ओम मरकांडे, विनोद वर्मा, आशीष पंडिया, सनी तराने, आर्यन साहू, अभि गुप्ता, अंशल श्रीवास्तव, अंशेय श्रीवास्तव, स्पंदन गजभिए, सनी सोनी, कृष्णा शर्मा, गगन रामटेके, शेख आलम, अतुल पंसारी, शशांक उके, शेखर नेताम, संजू रामटेके और आर्यन वर्मा शामिल रहे। यह आयोजन न केवल एक राजनीतिक मुलाकात रहा बल्कि सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकजुटता का भी प्रतीक बना। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और सभी ने इसे संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत से देशभर में जश्न की लहर

**राजनांदगांव 9 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा को एक बड़ी राजनीतिक सफलता दिलाई है। इस जीत को लेकर पूरे देश में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक अलग-अलग राज्यों में खुशी का इजहार करते नजर आ रहे हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री तरनदीप सिंग अरोरा ने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व की नीतियों पर जनता की मुहर बताया। श्री अरोरा ने कहा कि यह जीत केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे देश में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और असम में पार्टी मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार जश्न मनाया जा रहा है। ढोल नगाड़ों के साथ नाच गाना, मिठाइयों का वितरण और आतिशबाजी से माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस जीत की गूंज देश के विभिन्न हिस्सों में सुनाई दे रही है।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202605092100002
अ/6 वर्ष 2025-26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शांता राव पति स्व. श्यामा राव, जाति-तेलगू, निवासी मकान नं. 135 स्ट्रीट नं. 05 दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के पति के. श्यामराव पिता डी. नारायण राय, के अधिकार व आधिपत्य में एकल खाते नगरपालिका सीमान्तर्गत नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भूमि/सम्पत्ति जिसका शीट क्रमांक-06 भूखण्ड क्रमांक-1718/4 का क्षेत्रफल-204 वर्गफुट है। उक्त भूखण्ड क्रमांक के भूमिस्वामि मेरे पति के. श्यामराव का स्वर्गवास दिनांक-14/04/2021, को रायपुर में हो चुका है. जिनके उत्तराधिकारी एवं वारिशान क्रमशः सविता संगेवार (पुत्री), भावना सोमावार (पुत्री), कविता सोमावार, (पुत्री), शांता राव (पत्नि) है। आवेदिका ने मृतक के अन्य किसी भी उत्तराधिकारी या वारिशान का नाम छिपाया नहीं हैं, तथा उपरोक्त के अलावा मृतक का अन्य और कोई भी उत्तराधिकारी एवं वारिशान नहीं हैं। मृतक के नाम पर फौती दर्ज कर उनका नाम विलोपित कर उपरोक्त उत्तराधिकारी एवं वारिशानों के नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/05/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202605092200020/

विषय - अ-27
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026

रेंगाकठेरा (प.ह.न. 00032),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गुमान केवट, मुरलीराम, प्रदुमन निषाद, पेमिन, मोतिमबाई, द्वारका, रवि, बिमला, खमेश्वरी,
अनावेदक पक्षकार- गुमान केवट, मुरलीराम, प्रदुमन निषाद, पेमिन, मोतिमबाई, द्वारका, रवि, बिमला, खमेश्वरी,

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गुमान केंवट पिता श्री दीपक केंवट जाति केंवट निवासी ग्राम रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसे आर.डी.सीरीज क्रमांक 202526420406600001 भुईया के माध्यम से ग्राम रेंगाकठेरा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. चौथना तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 229 ख.न. क्रमशः 262, 276, 557/2, 636/1, 740 रकबा क्रमशः 0.1980, 0.3720, 0.1860, 0.3030, 0.2060, 0.0200हे. कुल ख.न. 05 कुल रकबा 1.2920हे. कृषि भूमि गुमान केवट पिता दीपक केवट, मुरलीराम पिता किसन निषाद, प्रदुमन निषाद पिता किसन निषाद, रवि पिता किसन, पेमिन (नाबालिग) पिता दीपक पालक मोतीम बाई, मोतिमबाई दीपक, द्वारका चतुरसिंग, बिमला पिता दीपक, खमेश्वरी पिता दीपक सभी जाति केवट सभी सा. देह के नाम पर राजस्व अभिलेख पर दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदकगणों मुरलीराम पिता किसन निषाद, प्रदुमन निषाद पिता किसन निषाद, रवि पिता किसन, पेमिन (नाबालिग) पिता दीपक पालक मोतीम बाई, मोतिमबाई दीपक, द्वारका चतुरसिंग, बिमला पिता दीपक, खमेश्वरी पिता दीपक के मध्य आज से लगभग 06 वर्ष पूर्व आपसी बंटवारा हो चुका है, एवं सभी अपने अपने कब्जे में काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है। उक्त भूमि का खाता विभाजन नहीं होने से भूमिस्वामीयों को कृषि कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं शासन के योजनाओं का लाभ नहीं हो पा रहा है। अतः आवेदक द्वारा वाद भूमि का खाता विभाजन कर ऋण पुस्तिका अलग अलग प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसमे सभी पक्षकारों को सूना जाना आवश्यक है। अतः आवेदक का आवेदन पत्र को राजस्व न्यायालय (ई कोर्ट) में हस्तांतरित किया जाता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29/05/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

### ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरू पटेल पिता/पति बुद्धुराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 29/04/2010 को आवेदक के पिता/पति/माता/पत्नी//पुत्र/पुत्री बुद्धूराम पटेल की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/05/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।

**दिनांक:- 06/05/2026**
**स्थान:- देवकर**

मुहर

तहसीलदार
देवकर,
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# शंकरपुर के जनसमस्या निवारण शिविर में महापौर ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 मई।** जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग से संबंधित 31 शिकायत के 16 इस प्रकार कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही की जायेगी। आज के शिविर में महापौर श्री मधुसुदन यादव संबंधित वार्ड के पार्षद श्री शिव वर्मा, श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव व सुश्री तृप्ति पात्रे के अलावा पार्षद श्रीमती श्रुति लोकेश जैन के साथ स्टालों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने संबंधितों को निर्देशित किये। उन्होने उपस्थित वार्ड वासियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधे लाभ देने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। वार्डो में आयोजित शिविर में आकर अपनी समस्या



संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी से कहा कि शासन की मंशानुरूप प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर संबंधित को सूचित करना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उसका लाभ मिल सके। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत महापौर श्री यादव ने अपना शुगर टेस्ट कराया। पी.एम.स्वनिधि योजना के लाभार्थी श्री लेखपाल सिन्हा को सब्जी व्यवसाय के लिए एवं श्री धर्मेन्द्र गढ़ेवाल को पेंटिंग कार्य के लिए चेक के माध्यम से 15-15 हजार रूपये का प्रथम किश्त दिया गया। इसके अलावा उपस्थित जनो को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलायी गई। शिविर में नगर निगम के अलावा महिला बाल विकास विभाग, समाज कल्याण, श्रम विभाग, स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग, शिक्षा, आयुष, परिवहन, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग से संबंधित स्टाल में अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दिये। दिनांक 11 मई 2026 सोमवार को वार्ड नं. 11, 12 व 13 के लिए बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया गया है। महापौर ने उपरोक्त वार्ड के वार्ड वासियों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 07.05.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.05.2026 तक है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. /निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | NIT No. 36 Tender No. 190450 | एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र के सी.एस.आर. के अंतर्गत खरसिया-छाल मार्ग पर मांड नदी पर निर्मित उच्चस्तरीय पुल (चन्द्रशेखर सेतु) का विशेष मरम्मत (जमा मद) कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)** | रू. 84.46 लाख |
| 02 | NIT No. 37 Tender No. 190451 | जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग पर महानदी पर निर्मित पुल निर्माण कार्य के विशेष मरम्मत कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)** | रू. 47.47 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)**

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़**

जी-262700593/9

## एक नजर

### अमेजन इंडिया का ग्रेट समर सेल

**रायपुर, 9 मई।** अमेजन गर्मियों को और आरामदायक व फायदेमंद बनाने के लिए अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 लेकर आ रहा है, 'समर का सांता' थीम पर आधारित यह शॉपिंग इवेंट हर घर में खुशी और उत्साह लेकर आएगा। इसमें स्मार्टफोन्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरण, ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरी चीजों और अन्य कई कैटेगरी में नए लॉन्च और शानदार ऑफर्स मिलेंगे। ग्राहक सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, डेल, हायर, नाइकी, मोकोबारा, टोक्यो टॉकीज, कॉसआरएक्स, लेगो, स्लीपवेल और पैम्पर्स जैसे बड़े ब्रांड्स से खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक प्राइम जॉइन कर अपनी बचत को और बढ़ा सकते हैं और प्राइम-ओनली ऑफर्स के साथ अतिरिक्त 5% छूट और 250 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक पा सकते हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, सुविधा, तेज़ डिलीवरी और इनोवेशन पर मजबूत फोकस के साथ हम भारतभर के ग्राहकों के लिए समर शॉपिंग को आसान और फायदेमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कैट में वरिष्ठ व्यापारियों को मिली जिम्मेदारी



**रायपुर, 9 मई।** कैट द्वारा छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश नेतृत्व की नई टीम को विस्तार दिया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल तथा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी की अनुशंसा एवं प्रदेश कोर कमेटी की सहमति एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ इकाई के नए वरिष्ठ पदाधिकारियों का आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लेकर मनोनयन किया गया। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के विस्तार एवं व्यापारी हितों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निम्नानुसार नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रदेश चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश वाइस चेयरमेन सुरिंदर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ लगातार प्रदेश के व्यापारियों के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

### चेम्बर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 12 मई को

**रायपुर, 9 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने जानकारी दी कि चेम्बर प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार, दिनांक 12 मई को दोपहर 12.00 बजे से एम.एम.फनसिटी, बकतरा, गोढ़ी रोड, रायपुर में आयोजित की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने चेम्बर के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की है कि वे कार्यकारिणी की बैठक में समय पर अवश्य ही उपस्थित होवें।

### नि:शुल्क की-होल सर्जिकल कैंप 5 जून से

**रायपुर, 9 मई।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन-बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित 170 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक गैर-लाभकारी अस्पताल, अपने परिसर में 5 से 7 जून तक एक नि:शुल्क मेगा लैप्रोस्कोपिक (कीहोल) सर्जिकल कैंप का आयोजन करने जा रहा है। इस कैंप का नेतृत्व डॉ. मुफ्फज़ल लकड़ावाला करेंगे, जो सर एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में जनरल और मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग के निदेशक हैं और डाइजेस्टिव हेल्थ इंस्टीट्यूट के संस्थापक भी हैं। लैप्रोस्कोपिक, बैरियाट्रिक और पाचन तंत्र से जुड़ी सर्जरी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध डॉ. लकड़ावाला 50, 000 से अधिक सर्जरी कर चुके हैं, जिनमें विशेष रूप से लैप्रोस्कोपिक और बैरियाट्रिक प्रक्रियाओं पर उनका फोकस रहा है। वे सर्जन्स, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स और क्लिनिकल विशेषज्ञों की अपनी टीम के साथ, बीएमसी टीम के सहयोग से, छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों तक उन्नत सर्जिकल सेवाएँ पहुँचाएँगे।

### उर्स पाक पर कव्वाली ने बांधा समा



**रायपुर, 9 मई।** हज़रत सैयद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार का सालाना उर्स पाक इन दिनों धूमधाम से मनाया जा रहा है। उर्स पाक की शुरूआत में शाही चादर संदल मजार से निकाला गया जो शहर का गश्त करता हुआ आस्ताने पहुंचा जहा चादर पोशी की रस्म अदा कर दुआ खैर की गई। आस्ताने में मौलाना तौकीर जिया जामई ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि जिस स्थान पर खुदा की हम्द सना होती है वहां फरिश्ते आते हैं। शहर के उभरते युवा कव्वाल असलम रायपुरी ने जब पुकारो मेरे मौला को पुकारो की बदल जाएगी किस्मत मेरी, तेरे इश्क में भूल चुका हूं खुद को नजर में कोई और सूरत बसती नहीं चांद शाह बाबा, मैं बलहारी जाऊ चांद शाह बाबा के और नज़र उठायू तो आए नजर गरीब नवाज़ जैसी कवाली पेश की तो जायरीन देर रात तक उनके कलाम में खोए रहे।

# सिंचाई परियोजनाओं को रफ्तार देने सीएस ने दिए सख्त निर्देश



**रायपुर, 9 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य में स्वीकृत विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि भू-अर्जन और फारेस्ट क्लीयरेंस जैसी प्रक्रियाओं को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि परियोजनाओं का लाभ किसानों को जल्द मिल सके।

पैरी-कोडार लिंक नहर (गरियाबंद) सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय तक पाइपलाइन लिंक नहर का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से महानदी की सहायक पैरी नदी के अतिरिक्त जल का उपयोग पेयजल, निस्तारी और औद्योगिक कार्यों के लिए होगा। इससे गरियाबंद और महासमुंद जिले के 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नई सिंचाई सुविधा विकसित होगी।

मोहमेला-सिरपुर बैराज (रायपुर)-आरंग विकासखंड में महानदी पर प्रस्तावित इस बैराज से 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में उद्वहन सिंचाई सुनिश्चित होगी। यह क्षेत्र में पर्यटन, नौका विहार और सुगम आवागमन को भी बढ़ावा देगा।

मटनार बहुउद्देशीय परियोजना (बस्तर) इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित यह योजना बस्तर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उद्वहन प्रणाली पर आधारित होने के कारण इसमें कोई विस्थापन या पुनर्वास की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी सुरक्षित रहेगी। देउरगांव उद्वहन बैराज (बस्तर) जगदलपुर के समीप इंद्रावती नदी पर बनने वाली यह परियोजना बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के निविदा प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें अनुमोदित किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, ऊर्जा सचिव सारांश मित्तर, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल शाश्वत वर्मा सहित विभिन्न परियोजनाओं के मुख्य अभियंता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकभवन में लगा मेगा हेल्थ कैंप



**रायपुर, 9 मई।** अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका के मार्गदर्शन में लोकभवन में व्यापक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर विशेष रूप से महिलाओं के लिये आयोजित किया गया। शिविर में सामान्य बीमारियों के साथ-साथ हृदय रोग, कैंसर, किडनी, स्त्री रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की निशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेष रूप से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए स्क्रीनिंग भी की गई।

लोकभवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में जिला प्रशासन रायपुर के 'प्रोजेक्ट छांव' के अंतर्गत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान व्ही वाय हॉस्पिटल के मोबाइल कैंसर डिडक्शन यूनिट द्वारा महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई। रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें रेडक्रॉस ब्लड बैंक की मोबाइल यूनिट उपलब्ध रही। शिविर में विभिन्न शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर की टीम द्वारा लैब जांच, बीपी और शुगर जांच की गई। वहीं एसएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट एंड आईवीएफरिसर्च सेंटर द्वारा हृदय रोग परामर्श, ईसीजी एवं ईको जांच की सुविधा दी गई।

## प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की 12 व 13 को बैठक

**रायपुर, 9 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक 12 और 13 मई को रायपुर में आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और कोर ग्रुप के सदस्य शामिल होंगे। इसकी जानकारी वन मंत्री केदार कश्यप ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन के मंडल और जिला प्रशिक्षण वर्ग की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार होगी। बैठक में भाजपा की बंगाल और असम चुनाव में जीत पर राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इसके जरिए मतदाताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश कार्यसमिति की यह बैठक करीब छह महीने बाद आयोजित हो रही है।

# मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका सराहनीय : सीएम



**रायपुर, 9 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा के चेयरमेन तोमन साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रेडक्रॉस का बैज पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विश्व रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवता की सेवा के साथ ही आपदा के समय में रेडक्रॉस संस्था की भूमिका सराहनीय है।

## नेशनल लोक अदालत



रायपुर, 9 मई। आज जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

# शपथ दिलाकर मजदूरों को किया गया स्वच्छता के प्रति जागरूक



**रायपुर, 9 मई।** नगर पालिक निगम बीरगांव के आयुक्त युगल किशोर उर्वशा के मार्गदर्शन में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत मजदूर भाई-बहनों को स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को स्वच्छता अपनाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण में बीरगांव को श्रेष्ठ स्थान दिलाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। साथ ही सभी को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छ एवं सुंदर बीरगांव निर्माण का संकल्प कराया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अधिकारी कमल नारायण जंघेल भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए नागरिकों से निरंतर सहयोग करने की अपील की। नगर निगम द्वारा स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# बंगाल में भाजपा की जीत सुशासन पर जनता की मुहर है : अंजय शुक्ला



**रायपुर, 9 मई।** धरसींवा मण्डल द्वारा मण्डल की मासिक बैठक धरसींवा विश्राम गृह में रखा गया था, जिसमे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गए निर्देशों के सम्बंध में चर्चा किया गया, जिसमें मण्डल का प्रत्येक माह के 1 से 7 तारीख के बीच में मण्डल बैठक करने एवं हर माह के किसी रविवार को जिसमे प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हो उस तिथि में शक्तिकेंद्र की बैठक होना सुनिश्चित करना एवं बुथ स्तर की बैठक एवं 25 सदस्य सूची बनने के लिए शक्तिकेंद्र स्तर पर बैठक मण्डल पदाधिकारीयो द्वारा करने के विषय मे चर्चा किया गया साथ ही विभिन्न समस्याओं के निदान कार्यकर्ताओ का कार्य सहित कार्यलय आदि विषयों पर सकारात्मक चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंजय शुक्ला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड ने अपने उद्बोधन में कहा कि बंगाल में भाजपा की जीत सुशासन पर जनता की मुहर है, साथ ही असम एवं पांडिचेरी मे भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की बधाई दिया, एवं उन्होंने अपने उद्बबोधन मे कहा पश्चिम बंगाल में पहले बहुत ज्यादा अराजकता, गुंडागर्दी महिलाओं के ऊपर अत्याचार होता था, लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी के सरकार बन गई है पश्चिम बंगाल में संपूर्ण विकास होगा, सभी वर्ग के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को का लाभ दिया जाएगा।

**बैठक** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने की नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा

# नालियों से होकर गुजरने वाली जलवाहिनियों को स्थानांतरित करने के निर्देश

**रायपुर, 9 मई।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को हैंडपंपों, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणालियों की एक सप्ताह में चेकिंग कर आवश्यक मरम्मत करने को कहा है। साथ ही पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाले पाइपलाइनों व हाऊस-सर्विस कनेक्शन को स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने हाल ही में निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान गर्मियों में निरंतर एवं समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन




में संचालनालय ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने ऐसे वार्डों एवं बस्तियों जहां ग्रीष्म काल में जलस्तर नीचे चला जाता है, उन्हें चिन्हित कर उचित माध्यम से जलप्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को जारी परिपत्र में कहा है कि ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के निवारण के लिए नगर निगमों में आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होगें। पेयजल संकट के समाधान के लिए वे प्रतिदिन स्वयं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेगें। जल प्रदाय योजनाओं के संधारण एवं मरम्मत हेतु प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करेंगे। विभाग ने सभी निकायों को संचालनालय से जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए ग्रीष्म काल में लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने निकायों को हैण्डपंपों के जल को कीटाणुरहित करने ब्लीचिंग पावडर का घोल एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड आवश्यक मात्रा में डालना सुनिश्चित करने को कहा है। जलप्रदाय में क्लोरीन की मात्रा का नियमित परीक्षण करने तथा आवश्यकतानुसार ओव्हरहेड टैंक में रि-क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निकायों में स्थापित जल शोधन संयंत्रों, उच्च स्तरीय जलागारों एवं संपवेल के सिल्ट की सफाई एवं डिस-इन्फेक्शन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने बस स्टैण्डों, बाजारों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर खोलने और वहां पानी की व्यवस्था के साथ मानव बल भी उपलब्ध कराने को कहा है। इसके लिए सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ से भी स्वेच्छानुसार सहयोग लिए जा सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने 15वें वित्त आयोग एवं अन्य मद से स्वीकृत जल प्रदाय योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने को कहा है। ऐसी जल आवर्धन योजनाएं और अमृत मिशन के कार्य जो पूर्णता की स्थिति में हैं, उन्हे 15 दिनों में पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने के साथ ही कार्य पूर्णता वाली योजनाओं का तुरंत संचालन प्रारंभ करते हुए पेयजल आपूर्ति योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के भी निर्देश निकायों को दिए गए हैं।

## सुशासन नहीं केवल आवेदन तिहार : बैज

**रायपुर, 9 मई।** तथाकथित सुशासन असली पोल सुशासन त्यौहार में खुल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मंत्री, विधायक, सांसद अब अधिकारियों को धमकाने, चमकाने पर उतर आये है। ढाई साल के सरकार जनता से दूर हो चुकी है। सुशासन त्यौहार के नाम पर जब जनता के बीच जा रहे तब जनाक्रोश को दबाने अधिकारियों पर दोषारोपण कर रहे है। मंत्री दयालदास बघेल मंच से शराब तस्करी के लिए पुलिस को दोषी ठहरा रहे है, तो विधायक रोहित साहू पटवारी को धमका रहे है, सांसद भोजराज नाग अधिकारी को निपटाने की धमकी दे रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ की 1 करोड़ महिलाओं से महतारी वंदन का फार्म भरवाये, 18 लाख पीएम आवास देने का फर्जी दावा किये, 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का झूठा वादा किये, अब उस वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने सुशासन तिहार के नाम पर एक बार फिर आवेदन जमा किये जा रहे है, सरकार का फोकस समस्या के निराकरण में नहीं है। पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद-बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है, मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे हैं, शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई है, अस्पतालों में जांच, इलाज़, दवा का अभाव है और यह सरकार जन सरोकार से आंख मूंदकर सुशासन तिहार मना रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26